राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

CBC Newspaper Code : 134575

RNI Regn, No. : UPHIN/2023/84452

सूर्योदय भास्कर

उजाला सच का

WEB SITE : SURYODAY BHASKAR.IN | E-mail : suryodyabhaskar2@gmail.com | PHONE : 7007784396

लखनऊ | शनिवार 31 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 03 अंक : 208 पृष्ठ : 08 | मूल्य : 01 रुपया

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित

सार संक्षेप

आईएनएस विक्रांत पर पहली बार उतरा राफेल मरीन विमान



नई दिल्ली। फ्रांस में विकसित राफेल मरीन लड़ाकू विमान ने भारतीय नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर उतरकर एक अहम पड़ाव हासिल किया। राफेल मरीन लड़ाकू विमान पहली ही कोशिश में सफलतापूर्वक लैंड करने में कामयाब रहा। यह पहली बार था जब राफेल मरीन विमान ने आईएनएस विक्रांत के डेक पर सफल लैंडिंग की। इसी के साथ भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में 29 अक्टूबर 2026 का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को इस उपलब्धि की जानकारी साझा की।

जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अटलांटा पहुंचे जयशंकर



अटलांटा। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर शुक्रवार को जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए अटलांटा पहुंचे। अमेरिका के अनुसार, इस बैठक में एनर्जी, सप्लाई चेन और समुद्री रास्तों को खुला रखने पर फोकस रहेगा। ये ऐसे मुद्दे हैं, जो भारत के तेल, एलएनजी और उर्वरक आयात के लिए बेहद अहम हैं। वे इस बैठक के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

भूटान की शिंताफू झील के फटने से बाढ़ की चेतावनी



थिम्पू। उत्तर-पश्चिमी भूटान में शिंताफू झील के फटने से पश्चिम बंगाल और असम के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है। अधिकारी इन दोनों राज्यों की ओर बहने वाली नदियों के किनारे स्थित संवेदनशील इलाकों पर नजर रख रहे हैं। यह घटना गुरुवार शाम भूटान के गासा जिले में हुई। इससे गासा त्साचू में मौजूद बुनियादी ढांचा बह गया। गासा त्साचू, मो छू नदी के पास स्थित एक लोकप्रिय प्राकृतिक गर्म पानी का स्रोत है। बाढ़ का पानी पहुँचने से पहले ही इस इलाके को खाली करा लिया गया था, इसलिए किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

दिल्ली से बेंगलुरु जा रही बस से 2.4 करोड़ की ड्रग जब्त



मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। डीआरआई ने दिल्ली से बेंगलुरु जा रही एक बस से 3.01 किलो एम्फेटामाइन ड्रग बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 2.4 करोड़ रुपए है। मामले को लेकर डीआरआई ने बताया कि तस्करों ने ड्रग छिपाने के लिए लेडीज सूट का सहारा लिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के हुनर को दिया सम्मान, मंच पर खुद की जैकेट उतारकर पहनी उनकी बनाई कोटी



>> गुजरात के बनासकांठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर अपनी जैकेट उतारकर स्थानीय महिलाओं की बनाई पारंपरिक कच्छी कोटी पहनी। उन्होंने कहा कि वह आखिरी सांस तक देश की सेवा करेंगे। दौरे में 325 करोड़ रुपये के पशु प्रजनन एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन भी हुआ। आखिर महिलाओं की बनाई कोटी पहनकर प्रधानमंत्री ने क्या संदेश दिया? इस केंद्र से किसानों और पशुपालकों को कैसे फायदा मिलने की उम्मीद है?

देश – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर बनासकांठा पहुंचे। यहां भिलड़ी में आयोजित एक विशाल जनसभा के दौरान उन्होंने कुछ ऐसा किया, जिसने वहां मौजूद लोगों का ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री ने मंच पर ही अपनी जैकेट उतारी और स्थानीय महिलाओं की ओर से उनके लिए तैयार की गई पारंपरिक कच्छी कढ़ाई वाली कोटी पहन ली। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के हुनर और उनके काम को सम्मान दिया। सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक भारत के लोगों की सेवा करते रहेंगे। उनके इस दौरे के बाद स्थानीय किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने मंच पर अपनी जैकेट उतारकर स्थानीय महिलाओं की कोटी क्यों पहनी?

बनासकांठा के भिलड़ी में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान स्थानीय महिलाओं की ओर से तैयार की गई पारंपरिक कच्छी शैली की कढ़ाई वाली कोटी पहनी। इसके लिए उन्होंने मंच पर अपनी पहनी हुई जैकेट उतारी और महिलाओं के हाथों से सिली कोटी पहन ली। यह कोटी स्थानीय महिलाओं ने उनके लिए तैयार की थी।

प्रधानमंत्री का यह कदम वहां मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी और उनके काम को प्रोत्साहन देने की बात भी सामने आई। इसी दौरान प्रधानमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक देश की जनता की सेवा करते रहेंगे।

बनासकांठा दौरे में प्रधानमंत्री ने कौन सी बड़ी परियोजना का उद्घाटन किया?

प्रधानमंत्री ने अपने गुजरात दौरे के पहले दिन बनासकांठा के भिलड़ी में 325 करोड़ रुपये की लागत से तैयार भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर (बीबीबीआरसी) का उद्घाटन किया। यह केंद्र पशुओं की नस्ल सुधार और दूध उत्पादन बढ़ाने से जुड़े कामों के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के बाद स्थानीय किसानों और पशुपालकों ने इस सुविधा को अपने लिए बड़ी सौगात बताया।

उनका कहना था कि पशुओं की नस्ल में सुधार होने से कम पशु रखकर भी पहले से अधिक दूध का उत्पादन किया जा सकेगा। इससे पशुपालकों को अपनी आमदनी बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री से किसानों और पशुपालकों के लिए कुछ विशेष सुविधा मिलने की उम्मीद लेकर आए थे और इस परियोजना से उनकी उम्मीद पूरी हुई है।

महिलाओं और किसानों के लिए प्रधानमंत्री के दौरे को स्थानीय लोगों ने कैसे देखा?

सभा के बाद स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर खुशी जताई। एक ग्रामीण ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री किसानों और पशुपालकों के लिए कुछ बड़ी सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि नई सुविधा से पशुओं की संख्या कम रखकर भी अधिक दूध उत्पादन संभव हो सकेगा। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि कार्यक्रम में एक महिला भाषण देने के लिए खड़ी हुई तो प्रधानमंत्री ने उसे बोलने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीण ने इसके लिए प्रधानमंत्री और बनास डेयरी के चेयरमैन शंकरभाई चौधरी का आभार जताया। एक अन्य ग्रामीण ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन पर बनासकांठा के लोगों ने उनका स्वागत ऐसे किया, जैसे दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पशुपालक गीताबेन ने भी कहा कि अब उन्हें दूध के अच्छे दाम मिल रहे हैं और दूध में फैट की मात्रा के हिसाब से बेहतर कीमत मिलती है। उनके मुताबिक, इससे उनकी कमाई बढ़ी है और पशुपालन से जुड़े परिवार खुश हैं।

बनासकांठा में पानी और सिंचाई को लेकर ग्रामीणों ने क्या उम्मीद जताई?

स्थानीय लोगों ने अपने इलाके में पानी की सुविधा और सिंचाई के लिए किए गए कामों का भी जिक्र किया। एक ग्रामीण ने कहा कि सुईगाम से लेकर सीमा तक रहने वाले लोगों ने बदलाव देखा है। जिन इलाकों में पहले पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं था, वहां अब नहरों के जरिए पानी पहुंच रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दीपावली के आसपास जीरे की खेती के लिए भी सिंचाई का पानी उपलब्ध हो सकेगा। एक किसान ने कहा कि सरकार दूध उत्पादन बढ़ाने, पशुओं की नस्ल सुधारने और पानी की सुविधा देने की दिशा में काम कर रही है। उनके अनुसार, भिलड़ी और देवदार तालुका में गायों और भैंसों के लिए शुरू की गई नई पहल किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि इन प्रयासों का लाभ पूरे जिले को मिल रहा है।

गांवों में विकास को लेकर लोगों ने क्या बताया?

भिलड़ी रतनपुरा गांव के एक निवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री के गांव आने से लोग काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि गांव में अच्छी सड़कें बनी हैं और तालाब तक पानी पहुंचा है। ग्रामीणों के मुताबिक, पहले पानी की कमी के कारण खेत सूखे रहते थे, लेकिन अब हालात में बदलाव आया है। पशुपालक गीताबेन ने भी कहा कि पहले उनके इलाके में पानी की कमी थी, लेकिन अब खेतों में हरियाली दिखाई देती है। उन्होंने पशुपालन में मिल रही मदद और दूध के बेहतर दाम को अपनी आमदनी के लिए फायदेमंद बताया। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री के बनासकांठा दौरे में स्थानीय महिलाओं की बनाई कोटी पहनने का दृश्य चर्चा में रहा। वहीं, 325 करोड़ रुपये के पशु प्रजनन एवं अनुसंधान केंद्र के उद्घाटन और पानी, सिंचाई तथा पशुपालन से जुड़ी सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इन पहलों से किसानों और पशुपालकों को आगे भी लाभ मिलेगा।

'आपके आलू का कोई सोना नहीं बना सकता': पीएम मोदी का राहुल गांधी पर तंज, गुजरात को दी 14000 करोड़ की सौगात

>> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के एक पुराने बयान को लेकर उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पहले की सरकार सिर्फ और सिर्फ किसानों के साथ धोखा करती थीं।

> आज बनासकांठा के आलू दुनिया भर में मशहूर हैं। और कोई भी बनासकांठा के किसी व्यक्ति के पास आकर यह दावा करने की हिम्मत नहीं करेगा कि वह आलू को सोने में बदल सकता है।
>
> *नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*



देश – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के दो दिन के दौरे पर पहुंचे। अपने दौरे के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से राज्य को 14000 हजार करोड़ की सौगात दी। विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और विपक्ष पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेता प्रतिपक्ष आलू से सोना बनाने वाले बयान पर चुटकी ली और कहा कि अब कोई ऐसा नहीं कर सकता।

'कोई नहीं कह सकता कि वह आलू को सोने में बदल सकता है'

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बनासकांठा के आलू दुनिया भर में मशहूर हैं। और कोई भी बनासकांठा के किसी व्यक्ति के पास आकर यह दावा करने की हिम्मत नहीं करेगा कि वह आलू को सोने में बदल सकता है। क्योंकि वे खुद ही ऐसा कर रहे हैं! यहां हमारे पास 'बनास डेयरी' जैसा एक सहकारी ब्रांड है, जो सहकारी आंदोलन को न केवल यहां, बल्कि काशी सहित देश के अन्य हिस्सों में भी आगे बढ़ा रहा है। मैं बनास डेयरी का विशेष रूप से आभारी हूं क्योंकि मेरी काशी को भी आपके अनुभव और आपकी सेवाओं से लाभ मिल रहा है।

12 क्लस्टरों से बागवानी को मिलेगा बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने फल और सब्जियां उगाने वाले किसानों के लिए क्लस्टर विकास कार्यक्रम का भी जिक्र किया। इसके तहत टमाटर, आलू, मिर्च, अंगूर, केला, प्याज, संतरा, अनार और कोको जैसी फसलों के लिए 12 क्लस्टरों को मंजूरी दी गई है। इस योजना का मकसद किसानों को खेती के आधुनिक तरीके अपनाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद करना है इसके तहत किसान नए बाग लगा सकेंगे और पुराने बागों को भी दोबारा बेहतर बना सकेंगे। परियोजना के लिए सब्सिडी देने की व्यवस्था भी की गई है।

उत्तर गुजरात के आलू किसानों को भी होगा लाभ

मोदी ने बताया कि उत्तर गुजरात के लिए दो क्लस्टर मंजूर किए गए हैं इनका सीधा फायदा बनासकांठा और साबरकांठा के आलू किसानों को मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को उत्पादन के साथ-साथ खेती से जुड़े दूसरे कामों में भी मदद मिलेगी बेहतर सुविधाएं मिलने पर किसान अपनी फसल की गुणवत्ता सुधार सकेंगे और बाजार की जरूरत के हिसाब से उत्पादन कर पाएंगे।

चक्रवात 'अर्नब' से दक्षिणी ओडिशा में तबाही

गंजम जिला सबसे ज्यादा प्रभावित

तूफान से हजारों लोग बेघर हुए

बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान

भुवनेश्वर, । दक्षिणी ओडिशा चक्रवात 'अर्नब' और उसके बाद हुई भारी बारिश से मची व्यापक तबाही से जूझ रहा है। इसमें गंजम जिला सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिसके बाद गजपति और कंधमाल जिलों में काफी नुकसान पहुंचा है।

राज्य सरकार ने प्रभावित जिलों में बचाव, राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तेज कर दिया है। फंसे हुए और बेघर हुए हजारों लोगों की मदद के लिए आपदा प्रतिक्रिया टीमों, हेलीकॉप्टरों और आपातकालीन राहत सामग्री को तैनात किया गया है। राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने शुक्रवार को भुवनेश्वर के राजीव भवन स्थित 'राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र' में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



गंजम में 42,564 लोग प्रभावित

मंत्री के अनुसार, चक्रवात और उसके बाद हुई बारिश के कारण गंजम, गजपति, कंधमाल, कोरापुट और रायगडा जिलों में भारी नुकसान हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, गंजम में 42,564 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि गजपति में यह संख्या लगभग 30,000 और कंधमाल में 12,000 है।

एमएलसी चुनाव को लेकर अखिलेश का तंज

धूमधाम मचाने वाले हुए धड़ाम : अखिलेश

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव में पांच सीटों पर जीत से उत्साहित समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव में धूमधाम मचाने वाले लोग धड़ाम से गिर गए। भाजपा सिर्फ पांच सीटों पर ही नहीं हारी है, बल्कि 50 जिलों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। जनता के बीच यह संदेश गया है कि सपा को समर्थन मिला है, जबकि भाजपा ने छल और साजिश के सहारे छह सीटें जीती हैं।

□ भाजपा सिर्फ पांच सीटें नहीं, 50 जिलों में हारी



कश्मीरियों का दर्द

सुरक्षा काफिलों के लिए घंटों थमता आम जनजीवन

जम्मू, । कश्मीर में सेना और अन्य सुरक्षा बलों के काफिलों की आवाजाही के दौरान आम नागरिकों के यातायात पर लगने वाली रोक एक बार फिर विवाद का विषय बन गई है। श्रीनगर-अनंतनाग-कुलगाम-काजीगुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर बार-बार यातायात रोके जाने से मरीजों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और रोजाना सफर करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने शुक्रवार को इस समस्या को उठाते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और संबंधित अधिकारियों से हस्तक्षेप की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि इस मार्ग पर सफर के दौरान उन्होंने एंबुलेंस को रास्ते में फंसे, विद्यार्थियों को कक्षाओं से वंचित होते और आम लोगों को 15 से 30 मिनट ही नहीं, बल्कि कई बार घंटों तक इंतजार करते देखा है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए यातायात प्रबंधन में व्यावहारिक बदलाव की मांग की है।



एंबुलेंस से लेकर विद्यार्थियों तक होती है परेशानी स्वास्थ्य मंत्री की उपराज्यपाल से हस्तक्षेप की अपील

जमीनी स्तर पर सामने आ रही शिकायतें

हालांकि, जमीनी स्तर पर सामने आ रही शिकायतें यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत दर्शाती हैं। अब सवाल है कि क्या एंबुलेंस को निर्बाध रास्ता देने, काफिलों की आवाजाही का समय निर्धारित करने और चरणबद्ध तरीके से नागरिक यातायात चलाने की व्यवस्था बनेगी? वैसे अधिकारी मानते थे कि सुरक्षा सर्वोपरि है, लेकिन उसके लिए आम नागरिकों की रोजमर्रा की जिंदगी को अनिश्चितकाल तक ठहराव में रखना भी समाधान नहीं हो सकता।

देश में डर का माहौल बनाने की कोशिश: मोदी

गुजरात के बनासकांठा में 14 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन

बनासकांठा, । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां 14,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। श्री मोदी ने महिलाओं, बच्चों, किसानों और पशुपालकों के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की। साथ ही, देशभर के करोड़ों छोटे किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की नई किस्त भी जारी की।



किसान निधि की 18 हजार करोड़ की किस्त जारी

इस किस्त में देश के करीब 10 करोड़ किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ से अधिक भेजे गए हैं।

देश का कृषि बजट पांच गुना से अधिक हो गया

श्री मोदी ने कहा कि 2013-14 की तुलना में देश का कृषि बजट पांच गुना से अधिक हो गया है। सरकार ने हमेशा किसानों के कल्याण और उन्हें सशक्त बनाने को प्राथमिकता दी है। पिछले वर्षों में सरकार की पांच प्रमुख योजनाओं से किसानों को 50 लाख करोड़ से अधिक का लाभ मिला।

दिल्ली-एनसीआर में 20 तक निर्माण कार्य बंद

नई दिल्ली, । पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के 'पवन-आई3सी' एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया और कहा कि इससे प्रदूषण पर निगरानी और कार्रवाई में तेजी आएगी। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पांच से 20 नवंबर तक निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियां बंद रहेंगी। श्री यादव ने बताया कि यह केंद्र 30 से अधिक स्रोतों के आंकड़ों को एक मंच पर जोड़कर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की वास्तविक समय में निगरानी करेगा। इसमें 111 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों, 2,300 से अधिक उद्योगों और 3,200 से अधिक निर्माण स्थलों का डेटा शामिल है।

गड़बड़ी *सुप्रीम कोर्ट पहुंचा यूपी एसआईआर का मामला*

वोटरों के नाम काटने की कोशिश के आरोप पर रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, । उत्तर प्रदेश में वोटर लिस्ट की जांच और सुधार के लिए चल रही एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में फॉर्म 7 जमा कर वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे उन मामलों की जानकारी चुनाव आयोग को दें, जिनमें गड़बड़ी की शिकायतों का अभी तक निपटारा नहीं हुआ है।

कोर्ट ने चुनाव आयोग से इन मामलों की जांच करने, जरूरी सुधार करने और कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि तेलंगाना और कर्नाटक में ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उत्तर प्रदेश में कार्रवाई नहीं होने से इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा मिला। चुनाव आयोग की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट डीएस नायडू ने माना कि बड़ी संख्या में फॉर्मों 7 जमा किए गए थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि आयोग के अधिकारियों ने इन फॉर्म की जांच की और उन्हें गलत पाया। इसलिए इन पर कार्रवाई करते हुए किसी का नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि अगर किसी शिकायत में सच्चाई है, तो संबंधित पक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराए। इसके बाद आयोग मामले की जांच कर सकता है। इसी सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की जांच प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों के नाम शामिल होने या वोटर लिस्ट में सुधार से जुड़े मामले बाकी हैं, वे चुनाव आयोग के सामने अपनी शिकायत रख सकते हैं।



□ चुनाव आयोग को दिए कार्रवाई के निर्देश

एक विधानसभा क्षेत्र में जमा हुए थे 32 फॉर्म 7

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से बताया गया कि उत्तर प्रदेश के एक विधानसभा क्षेत्र में एक खास समुदाय के लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने के लिए 32 फॉर्म 7 जमा किए गए थे। वकील ने कहा कि कुछ फॉर्मों पर बीएलओ के हस्ताक्षर भी हैं और चुनाव आयोग के हलफनामे में दी गई जानकारी में कई अंतर हैं।

उन्नाव में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 38 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक महिला गिरफ्तार

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....



उन्नाव ::अवैध शराब की बिक्री व तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री अनुराग मिश्र ने बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी उन्नाव, पुलिस अधीक्षक उन्नाव, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के निदेशों के क्रम में यह कार्रवाई की गई।

जिला आबकारी अधिकारी उन्नाव श्री अनुराग मिश्र के नेतृत्व में दिनांक 29-10-2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ संयुक्त टीम ने थाना पुरवा अंतर्गत ग्राम मंगतखेड़ा तथा थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम देवमई व संगौली में छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान कुल 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके से एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम - भगवानदेई पत्नी स्व. भगवानदीन, निवासी - देवमई, थाना मौरावां, जनपद उन्नाव।

भगवंतनगर की पावन धरा शिवमय, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हजारों मातृशक्ति ने सिर पर मंगल कलश धारण कर किया हर-हर महादेव का उद्घोष, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा...





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो उन्नाव .. भगवंतनगर, उन्नाव। भगवंतनगर की पावन धरा पर शिवभक्ति और सनातन आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री शिव महापुराण कथा को दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के संकल्प के साथ आयोजित भव्य कलश यात्रा में आस्था का विराट जनसैलाब उमड़ पड़ा।

यात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। सिर पर मंगल कलश, हृदय में अटूट श्रद्धा, मन में महादेव के प्रति अगाध समर्पण और अधरों पर हर-हर महादेव का जयघोष लिए हजारों की संख्या में मातृशक्ति कलश यात्रा में शामिल हुईं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं का यह अलौकिक दृश्य भगवंतनगर की धार्मिक धरा पर नारीशक्ति की सामूहिक आस्था और सनातन संस्कृति की अक्षुण्ण परंपरा का भव्य उद्घोष बन गया।

मातृशक्ति की इस अभूतपूर्व सहभागिता ने पूरे भगवंतनगर को शिवमय कर दिया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रियों का स्वागत किया गया।

यात्रा का सबसे दिव्य क्षण तब आया जब शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। आकाश से बरसते फूलों और नीचे गूंजते हर-हर महादेव के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा के नगर भ्रमण के पश्चात कथा स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिव महापुराण कथा के माध्यम से सनातन धर्म और शिव तत्व के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का यह एक पुनीत प्रयास है।

वन विभाग की जमीन पर लगे पेड़ो को ग्रामीण ने काट डाला कार्यवाही शून्य

ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग ने लकड़ी रुकवाई



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो सीतापुर । मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पेरियाकोडर में वन विभाग की भूमि पर लगे पेड़ों को एक ग्रामीण द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि वन विभाग की जमीन पर खड़े पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत वन विभाग के अधिकारियों से की।

ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर काटे गए पेड़ों की लकड़ी को ले जाने से रुकवा दिया इसके बावजूद रात में कुछ लकड़ी आरोपी उठा ले जिसके कीमत पचासों हजार बताई जा रही है । हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि लकड़ी रुकवाने के बाद भी अब तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

क्या बोले जिम्मेदारः इस संबंध में मिश्रिख रेंजर सिकंदर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले में टीम को मौके पर भेजकर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

अब देखना यह है कि वन विभाग मामले की जांच कर वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कब तक कार्रवाई करता है।

PET परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण शुचिता पूर्ण पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के दिया सम्बन्धित को निर्देश



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो उन्नाव...

आज जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना जी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ढएळ परीक्षा को सकुशल और शांतिपूर्ण शुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे तक प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा, के परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कालेज मोतीनगर, माउंट लिट्रा जी स्कूल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण पारदर्शी और शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए । कहा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो गहन चेकिंग किया जाए । जिलाधिकारी ने सीसी टीवी फुटेज स्ट्रांग रूम स्कैनिंग की व्यवस्थाओं को देखा और ड्यूटी पर लगे अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्बन्धित विद्यालय के सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

करवा चौथ पर दिखा सुहाग का उल्लास, चाँद के दीदार से महिलाओं ने खोला व्रत







सूर्योदय भास्कर ब्यूरो...

उन्नाव। जिले भर में सुहागिन महिलाओं का महापर्व करवा चौथ पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं ने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखा। शाम होते ही सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा माता की कथा सुनी। शहर की कॉलोनियों, मोहल्लों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पूजा के विशेष आयोजन किए गए। मंदिरों और घरों में भजन-कीर्तन के साथ देर रात तक चहल-पहल बनी रही।

चंद्रोदय होते ही व्रत का पारण हुआ। महिलाओं ने परंपरा के अनुसार छलनी से पहले चाँद और फिर अपने पति का चेहरा देखा। पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत पूरा किया। इस दौरान बुजुर्ग महिलाओं ने नई बहुओं को इस व्रत की परंपरा और उसके महत्व के बारे में बताया।

क्या है मान्यता

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करवा चौथ पर व्रत कथा सुनना अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे जुड़ी वीरावती और उसके सात भाइयों की कथा सर्वाधिक प्रचलित है।

कथा के अनुसार, वीरावती ने करवा चौथ का व्रत रखा था, लेकिन भाइयों द्वारा कृत्रिम चाँद दिखाने पर उसने बिना विधि-विधान अर्घ्य दिए व्रत खोल लिया, जिससे उसके पति की मृत्यु हो गई। बाद में इंद्राणी देवी के कहने पर उसने पूरे वर्ष हर चौथ का व्रत नियमपूर्वक किया, जिससे उसे पुनः अपने पति का साथ प्राप्त हुआ। तभी से यह कथा श्रद्धा और नियम-पालन का प्रतीक मानी जाती है।

सदर विधायक पंकज गुप्ता की सराहनीय पहल शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा

प्रखर गुप्ता ने फीता काटकर किया शुभारंभ,हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना..



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो...

उन्नाव। परम श्रद्धेय अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी के श्रीमुख से 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक एनएच-31, गौरी बीघापुर, उन्नाव में आयोजित होने जा रही श्री महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने निःशुल्क बस सेवा की शुरूआत की है।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह के संयोजन में हो रही इस दिव्य एवं भव्य कथा में क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रद्धालु सुगमतापूर्वक पहुँचकर भगवान भोलेनाथ की अमृतमयी कथा का श्रवण कर सकें, इसी उद्देश्य से विधायक द्वारा यह सेवाभावी पहल की गई है।

गांधी नगर तिराहा, उन्नाव पर स्थापित निःशुल्क बस सेवा कैंप का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता के सुपुत्र प्रखर गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई। प्रखर गुप्ता ने तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर कथा स्थल के लिए रवाना किया।

इस दौरान प्रखर गुप्ता ने कहा कि श्रद्धालुओं को कथा स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसी भावना के साथ यह व्यवस्था की गई है। भगवान भोलेनाथ की कृपा से आयोजित इस पावन धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालु सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त करें, यही कामना है।

उल्लेखनीय है कि यह निःशुल्क बस सेवा कथा की पूरी अवधि तक प्रतिदिन गांधी नगर तिराहा, उन्नाव से प्रातः 11 बजे कथा स्थल के लिए रवाना होगी तथा अपराह्न 4 बजे से वापसी की व्यवस्था रहेगी।

नदी के किनारे मिला अधेड का शव

सूर्योदय भास्कर संवाददाता जगदीशपुर अमेठी। दो दिन पूर्व गुमशुदा अधेड का शव नदी के किनारे मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन मे जुटी। थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के अंतर्गत महमदपुर मजरे माहेमऊ गांव निवासी राम मनोहर उम्र लगभग 45 वर्ष का शव कोटवा गांव के समीप स्थित नदी के किनारे मिलने से लोग सन्न रह गए स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

इस संबंध मे थानाध्यक्ष अजयेंद्र पटेल ने बताया कि मृतक दो दिन पूर्व घर से लापता चल रहा था फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आग्रिम कार्यवाई जारी है।

राज्यमंत्री के सुपुत्र ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से कुशलक्षेम जाना



सूर्योदय भास्कर संवाददाता

तिलोई अमेठी,प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ने शुक्रवार को जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई पहुंचकर फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आये भर्ती मरीजों से मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम जाना।उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उन्हें मिल रहे उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। विकास क्षेत्र तिलोई के गांव कोटवा में आयोजित मेला में चाट और खस्ता खाने के बाद एक सैकड़ा से अधिक लोग उल्टी दस्त की चपेट में आ गये जिसमें करीब डेढ़ दर्जन लोग जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई में भर्ती है। इसकी जानकारी मिलने पर शुक्रवार को प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ने जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई पहुंचकर संबंधित चिकित्सकों से बातचीत कर सभी प्रभावित मरीजों को बेहतर एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ हमारी पूरी संवेदना है। इस मौके पर प्राचार्या रीना शर्मा सहित अन्य कई चिकित्सक मौजूद रहे।

निजी अस्पतालों के संचालन पर एनसीपी ने उठाए सवाल, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

जनसेवा, न्यू जनसेवा और मंगलम हॉस्पिटल के खिलाफ जांच की मांग, सर्जरी और पंजीकरण को लेकर लगाए गंभीर आरोप



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो सीतापुर। जिले में निजी अस्पतालों के संचालन और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था को लेकर राष्ट्रीयवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने सवाल खड़े किए हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने जनसेवा हॉस्पिटल, न्यू जनसेवा हॉस्पिटल और मंगलम हॉस्पिटल के संचालन को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपकर जांच और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।प्रवीण कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि जनसेवा हॉस्पिटल और न्यू जनसेवा हॉस्पिटल में सर्जन की उपलब्धता के बिना सर्जरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में यह आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों से जुड़ा गंभीर मामला होगा। उन्होंने अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों की योग्यता और सर्जरी से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच कराने की मांग की।वहीं, मंगलम हॉस्पिटल को लेकर आरोप लगाया गया कि पंजीकरण निरस्त होने के बावजूद अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। एनसीपी नेता ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल के पंजीकरण की स्थिति और संचालन संबंधी अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है।प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि यदि शिकायतों पर जांच और नियमानुसार कार्रवाई नहीं होती है तो स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्रवाई में देरी होने से संबंधित अस्पतालों को विभागीय संरक्षण मिलने की आशंका पैदा होती है।ज्ञापन सौंपे जाने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं। हालांकि, अस्पतालों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। संबंधित अस्पतालों का पक्ष और सीएमओ की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद मामले की स्थिति और स्पष्ट होगी।

सपा जिलाध्यक्ष ने बरखेड़ा विधानसभाध्यक्ष की माता के निधन पर पहुंचकर शोक संवेदनाए व्यस्त की

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने 128 विधानसभा बरखेड़ा के अध्यक्ष विनोद वर्मा एडवोकेट की माता जशोदा देवी के निधन पर ग्राम उदयपुर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से भेंट की एवं अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस अपूरणीय क्षति पर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

हिन्दी दैनिक
सूर्योदय भास्कर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक,विवेक कुमार द्वारा ओम प्रिंटर्स 356/318/366, आलमनगर मानस बिहार राजाजीपुरम लखनऊ (उ.प्र.) 226017 से मुद्रित एवं 6 सी 116 वृन्दावन योजना, तेलीबाग,लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

संपादक-बबीता यादव
प्रधान सम्पादक :- प्रशांत अवस्थी
उप संपादक :- अमित त्रिवेदी
समूह सम्पादक :- डी.पी. सिंह
स्थानीय संपादक :- जी.एस. तिवारी
संस्थापक :- विवेक कुमार

RNI NO. UPHIN/2023/84452

E-MAIL:– SURYODAY BHASKAR@GMAIL.COM

कार्यालय सम्पर्क-9415461452,7007784396

(पी.आर. बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी)
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होगा।

हरदोई में उत्कर्ष-2026 के मंच पर एआई जागरूकता कार्यशाला आयोजित

डॉ. निमिष कपूर ने पत्रकारों और विद्यार्थियों को बताए डिजिटल तकनीकी के गुण





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

हरदोई। आई एन ए मीडिया (न्यूज) एवं कमलेश्वर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वैभव लॉन में आयोजित ह्यउत्कर्ष-2026ह्ल समारोह में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) को लेकर विशेष जागरूकता संगोष्ठी एवं प्रमाणीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। गूगल न्यूज इनिशिएटिव एवं वाइब्रेंट न्यूज के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में पत्रकारों और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली, डिजिटल माध्यमों में एआई की भूमिका तथा सूचनाओं के तथ्य सत्यापन के महत्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती पीके वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि निरमा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संयोजन कमलेश्वर फाउंडेशन की संस्थापक तथा आईएनए मीडिया की एडिटर-इन-चीफ विजयलक्ष्मी सिंह जादौन और फाउंडेशन की को-फाउंडर एवं सचिव अमिता मिश्रा मीतू ने किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में तेजी से विकसित हो रही एआई तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके जिम्मेदार, प्रभावी तथा तथ्यपरक उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. निमिष कपूर, सलाहकार संपादक (विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण), ने एआई की कार्यप्रणाली और विभिन्न क्षेत्रों में इसकी बढ़ती उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक तकनीक का ऐसा माध्यम है, जिसका इस्तेमाल सूचनाओं के विश्लेषण, डिजिटल सामग्री तैयार करने, उपलब्ध आंकड़ों को व्यवस्थित करने और विभिन्न कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने में किया जा सकता है।

उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में एआई की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिजिटल माध्यमों पर समाचारों का संकलन, सामग्री का विश्लेषण और सूचनाओं को व्यवस्थित करने जैसे कार्यों में तकनीकी उपकरण सहायक हो सकते हैं। हालांकि, एआई से प्राप्त जानकारी को बिना जांचे सही मान लेना उचित नहीं है। किसी भी समाचार या सूचना को प्रकाशित करने से पहले उसके तथ्यों, स्रोतों और प्रामाणिकता की पुष्टि करना आवश्यक है।

डॉ. कपूर ने डिजिटल दौर में तकनीक के साथ पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने तथ्यपरकता, विश्वसनीयता और जिम्मेदारी को समाचार लेखन का महत्वपूर्ण आधार बताया। एआई का इस्तेमाल करते समय मानवीय विवेक, संदर्भ की समझ और स्वतंत्र तथ्य जांच की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहती है।

कार्यशाला में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तेजी से प्रसारित होने वाली सूचनाओं और उनकी विश्वसनीयता से जुड़े विषयों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। वर्तमान समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से बड़ी मात्रा में सामग्री प्रसारित होती है। ऐसे में सही और भ्रामक जानकारी के बीच अंतर करना पत्रकारों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है।

संगोष्ठी के दौरान तथ्य सत्यापन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी सूचना को साझा करने या समाचार के रूप में प्रस्तुत करने से पहले उसकी पुष्टि की जानी चाहिए। एआई आधारित उपकरण जानकारी जुटाने और उसका विश्लेषण करने में सहायता कर सकते हैं, लेकिन उनकी ओर से प्रस्तुत परिणामों की स्वतंत्र जांच करना भी जरूरी है।

पत्रकारिता में तकनीक का उपयोग केवल तेजी से सामग्री तैयार करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य पाठकों तक विश्वसनीय, तथ्यपरक और उपयोगी जानकारी पहुंचाने में सहायता करना भी होना चाहिए। इस दृष्टिकोण से कार्यशाला को डिजिटल पत्रकारिता की बदलती जरूरतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल के रूप में देखा गया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को भी एआई की संभावनाओं और डिजिटल तकनीक के व्यावहारिक उपयोग को समझने का अवसर मिला। शिक्षा के क्षेत्र में एआई आधारित उपकरण जानकारी को व्यवस्थित करने, विषयों को समझने और अध्ययन संबंधी कार्यों में सहायक हो सकते हैं। हालांकि, इनके इस्तेमाल के दौरान स्वयं अध्ययन करने, जानकारी की पुष्टि करने और अपनी समझ विकसित करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है।

इस प्रकार कार्यशाला का दायरा पत्रकारिता तक सीमित न रहकर शिक्षा और डिजिटल जागरूकता से भी जुड़ा रहा। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को नई तकनीक से परिचित कराने के साथ उसके विवेकपूर्ण इस्तेमाल के प्रति प्रेरित करें।

कार्यक्रम में डॉ. शैलजा दुबे ने तकनीकी जागरूकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बदलते तकनीकी परिवेश में नई जानकारियों से अपडेट रहने और तकनीक का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

आयोजकों ने कहा कि ह्यउत्कर्ष-2026 के माध्यम से शिक्षा, पत्रकारिता और आधुनिक तकनीक से जुड़े विषयों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। ऐसे आयोजन प्रतिभागियों को नई तकनीकों को समझने, उनके उपयोग की संभावनाओं को जानने और डिजिटल दुनिया की चुनौतियों के प्रति सजग होने का अवसर प्रदान करते हैं।

वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अतुल कपूर, वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार रमेश चन्द्र पाठक सीतापुर आए हुए वरिष्ठ पत्रकार डॉ रजनीश मिश्र धीरेन्द्र श्रीवास्तव मान्यता प्राप्त पत्रकार का अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया । अलका गुप्ता, अनुराधा मिश्रा एवं निरमा देवी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वंदना सिंह, डॉ. सोहनी दीक्षित, नीलू गुप्ता, राधा मिश्रा, सुमन सिंह, भूमिका सिंह, प्रीति वर्मा, डॉ. शीला पाण्डेय, डॉ. ब्रह्मस्वरूप पाण्डेय सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक, गणमान्य नागरिक और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पीईटी परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा, परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

कमलापुर और सिधौली के परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं परखीं, सीसीटीवी, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
सीतापुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) की प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (PET)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कमलापुर एवं सिधौली क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया अधिकारियों ने कमलापुर क्षेत्र स्थित आरबीएसबी सिंह इंटर कॉलेज तथा सिधौली थाना क्षेत्र के श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनपद में परीक्षा के लिए कुल 134 केंद्र बनाए गए हैं।निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, वॉयस रिकॉर्डर और प्रकाश व्यवस्था की बारीकी से जांच की। केंद्र व्यवस्थापकों को सभी निगरानी उपकरणों को पूरी तरह क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और हेल्पडेस्क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी परखा।सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों ने कमलापुर और सिधौली के थाना प्रभारियों को परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, संदिग्ध एवं अवांछनीय तत्वों पर नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा आयोग की गाइडलाइन के अनुसार नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए।इस दौरान क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक कमलापुर बृजेश राय, प्रभारी निरीक्षक सिधौली विजेंद्र सिंह सहित प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापक और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

कोटवा गांव में फूड प्वाइजनिंग प्रकरण में दो दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

खाद्य तेल के दो नमूने संग्रहित कर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा

फूड प्वाइजनिंग में एक सैकड़ा से अधिक लोगों के बीमार होने पर जागे खाद्य सुरक्षा अधिकारी

सूर्योदय भास्कर संवाददाता
तिलोई, अमेठी।थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव कोटवा में शरद पूर्णिमा पर मेला लगा हुआ था जिसमें बच्चों और ग्रामीणों द्वारा चाट एवं खस्ता खाने से एक सैकड़ा से अधिक लोग बीमार हो गये थे जिसमें सत्रह लोगों को जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई में भर्ती कराया गया था।इस मामले की जानकारी मिलते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कोटवा गांव पहुंच कर मरीजों का परीक्षण किया और जिनकी तबियत ज्यादा गड़बड़ थी उन्हें जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई भेजवाया। इसके बाद जिलाधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने भी अस्पताल पहुंच कर मरीजों का हालचाल जाना था। क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीकिशुन चौहान ने बताया कि जांच के दौरान मौके पर जानकारी मिली कि घटना वाले दिन मोहित गुप्ता पुत्र राजकुमार निवासी मटेरवा थाना मोहनगंज द्वारा कोटवा गांव में खस्ता और चाट का ठेला लगाया गया था। उक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने के बाद बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की शिकायत सामने आई थी। प्रकरण की जांच के क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मटेरवा गांव पहुंचकर राज कुमार पुत्र श्रीराम के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर खस्ता उपलब्ध नहीं मिला, जबकि खस्ता तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला रिफाइंड सोयाबीन तेल पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तेल का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। जांच के दौरान प्रतिष्ठान पर खाद्य लाइसेंस भी नहीं पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खराब चाट एवं खस्ता खिलाने के प्रकरण में राजकुमार और मोहित गुप्ता के विरुद्ध माननीय न्यायालय में वाद दायर किया जा रहा है। जांच के दौरान संबंधित प्रतिष्ठान की ओर से रिफाइंड सोयाबीन तेल शिव कुमार साहू पुत्र लालता प्रसाद, निवासी मटेरवा थाना मोहनगंज से खरीदने की जानकारी दी गई। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शिवकुमार साहू के प्रतिष्ठान का भी निरीक्षण किया और वहां से रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना संग्रहित किया।
बताते चलें कि जनपद के सभी बाजारों में मिलावट का खेल जारी है विभाग अंजान बना रहता है जब किसी प्रकार की घटना सामने आती है तभी कारवाई की जाती है अन्यथा पर्वों पर दुकानदारों से रकम ऐंठकर इतिश्री कर दिया जाता है। ईस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियोग दर्जकर लिया गया है।

प्रशांत सिंह अटल को बार काउंसलिंग का सदस्य बनाए जाने पर अधिवक्ताओं ने बांटी मिठाई

सूर्योदय भास्कर संवाददाता
गौरीगंज , अमेठी। प्रभांत सिंह अटल ने लखनऊ प्रत्याशी क्रम संख्या 212 ने निर्धारित कोटा 7088 प्राप्त कर लिया है जिसमें माननीय पर्यवेक्षक न्यायामूर्ति सुरेंद्र सिंह की उपस्थिति एवं सहमति से न्यायमूर्ति अरविंद त्रिपाठी निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशांत सिंह अटल को बार काउंसलिंग आफ उत्तर प्रदेश सदस्य निर्वाचित किया गया । शुक्रवार को अमेठी सेंट्रल बार के अध्यक्ष पृथ्वीराज मिश्रा एवं महामंत्री संतोष शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मिठाई बताकर



खुशी का इजहार किया। इस मौके पर अमर बहादुर सिंह, संजय सिंह, सूर्य त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील तिवारी अरविंद सिंह, राकेश चौहान सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता,विकास के लिए करूंगी हरसंभव प्रयास: शिल्पा अग्रवाल

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट
संडीला/हरदोई में आज शिल्पा अग्रवाल, पुत्रवधू राजकुमार अग्रवाल, ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. के.जी. गुप्ता को सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी पत्रकारों को भी सम्मानित कर उनका स्वागत किया गया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिल्पा अग्रवाल ने संडीला क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि संडीला में कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समाधान होना बेहद जरूरी है।

संडीला की मुख्य सड़क का निर्माण प्राथमिकता में
शिल्पा अग्रवाल ने कहा कि संडीला की मुख्य सड़क की खराब स्थिति क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। सड़क आए दिन खराब रहती है, जिससे स्थानीय लोगों, व्यापारियों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस सड़क के निर्माण और सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही।

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ट्रॉमा सेंटर का प्रयास
क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर देते हुए शिल्पा अग्रवाल ने संडीला में ट्रॉमा सेंटर बनवाने की बात कही उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को जिससे समय पर बेहतर उपचार मिल सकें?

महोली पुलिस ने 10 साइबर ठगी पीड़ितों के लौटाए 89,868 रुपये

साइबर हेल्प डेस्क की त्वरित कार्रवाई से अक्टूबर माह में मिली सफलता, पीड़ितों ने पुलिस का जताया आभार

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
सीतापुर। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महोली थाना पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क ने सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने अक्टूबर माह में साइबर ठगी के शिकार 10 लोगों की कुल 89,868.37 रुपये की धनराशि वापस उनके बैंक खातों में कराई है। अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस टीम का आभार जताया।पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी महोली नागेंद्र चौबे के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधियों एवं म्यूल खातों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना महोली की साइबर हेल्प डेस्क ने अक्टूबर माह में प्राप्त साइबर ठगी की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार, संबंधित बैंकों और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) के माध्यम से समन्वय स्थापित कर ठगी गई धनराशि को सुरक्षित कराया गया और पीड़ितों के खातों में वापस कराया गया।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जेबी पाण्डेय, आरक्षी उमेश कुमार, आरक्षी प्रहलाद राजपूत और महिला आरक्षी कंचन यादव की भूमिका रही।साइबर ठगी से बचने की अपील महोली पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, यूपीआई पिन और बैंकिंग पासवर्ड साझा न करें। संदिग्ध लिंक या अनजान एपीके फाइल पर क्लिक करने से बचें। साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत करें।

नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रवर्तन की कार्रवाई बढ़ाएं, स्कूलों के आसपास कराएं नियमित चेकिंग-जिलाधिकारी



सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ बिजनौर । जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आबकारी विभाग की एनकोर्ड समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत को नशामुक्त बनाने के अभियान में सभी विभाग अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करें।
जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जनपद के स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री न होने पाए। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सर्विलांस व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए तथा सूचना तंत्र विकसित कर सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि इस पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।
जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए कि जनपद के सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में नियमित निरीक्षण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के अवैध क्रय-विक्रय पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए।
बैठक में एनकोर्ड समिति के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहित आबकारी, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

धौरहरा की यही पुकार, डॉ. रमा रमण मिश्रा अबकी बार!

141 विधानसभा धौरहरा में डॉ. रमा रमण मिश्रा की सक्रियता चर्चा में, जनसंपर्क और विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे वरिष्ठ सर्जन एवं भाजपा नेता

सूर्योदय भास्कर` जिला संवाददाता, लखीमपुर खीरी
लखीमपुर खीरी। 141 विधानसभा धौरहरा में वरिष्ठ सर्जन एवं भाजपा नेता डॉ. रमा रमण मिश्रा लगातार क्षेत्रवासियों के संपर्क में बने हुए हैं। जनता के बीच संवाद, क्षेत्रीय समस्याओं को सुनने और विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने की उनकी पहल को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा हो रही है।



धौरहरा विधानसभा क्षेत्र में विकास, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सड़क, शिक्षा और आम जनता की मूलभूत समस्याएं प्रमुख मुद्दे हैं। डॉ. रमा रमण मिश्रा का कहना है कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।
वरिष्ठ सर्जन के रूप में अपनी पहचान रखने वाले डॉ. मिश्रा अब राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से भी क्षेत्रवासियों के बीच अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं। उनका जोर जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और क्षेत्र की जरूरतों को समझने पर है।

धौरहरा को विकास की नई पहचान दिलाने का संकल्प
डॉ. रमा रमण मिश्रा के समर्थकों के बीच उनके नाम को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। समर्थक उन्हें 2027 विधानसभा चुनाव में धौरहरा से भाजपा के संभावित चेहरे के रूप में देख रहे हैं। हालांकि पार्टी की ओर से प्रत्याशी की आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है।
क्षेत्र में जनसंपर्क और विकास की चचाओं के बीच अब समर्थकों का नारा भी सुनाई दे रहा है–
"जनता की उम्मीद, विकास की आस,
धौरहरा की यही पुकार, डॉ. रमा रमण मिश्रा अबकी बार!"
धौरहरा के विकास हेतु संकल्पित – डॉ. रमा रमण मिश्रा जी
वरिष्ठ सर्जन एवं भाजपा नेता
141 विधानसभा धौरहरा, जनपद लखीमपुर खीरी।
जनसेवा का संकल्प, विकास का विश्वास और धौरहरा को नई पहचान दिलाने का प्रयास।

प्रजापति समाज की राजनीतिक भागीदारी की आवाज बने दारा सिंह प्रजापति

लखनऊ में जुटी हजारों की भीड़ ने दिखाई सामाजिक एकजुटता, मिशन-2027 में सम्मानजनक हिस्सेदारी की उठाई मांग

सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ बिजनौर। भारतीय संविधान के निर्माण में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों को संवैधानिक संरक्षण दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनके विचार आज भी समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा देते हैं। इसी सामाजिक जागरूकता और राजनीतिक भागीदारी की दिशा में मेरठ निवासी एवं मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से पूर्व बसपा प्रत्याशी तथा राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं।
26 अक्टूबर 2026 को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से दारा सिंह प्रजापति ने प्रजापति समाज की राजनीतिक एकजुटता और भागीदारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उनके आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में समाज के लोग लखनऊ पहुंचे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में लगभग पांच हजार लोगों की सहभागिता रही। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को समाज की एकजुटता और राजनीतिक जागरूकता के रूप में देखा जा रहा है।



इस कार्यक्रम में दारा सिंह प्रजापति ने बहुजन समाज पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रजापति समाज को आगामी विधानसभा चुनाव यानी मिशन-2027 में उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व और भागीदारी दिए जाने की मांग रखी। दारा सिंह प्रजापति के संबोधन का प्रमुख केंद्र समाज का सम्मान, अधिकार और राजनीतिक हिस्सेदारी रहा। उनके समर्थकों के अनुसार उन्होंने अपनी राजनीतिक सक्रियता को व्यक्तिगत लाभ के बजाय समाज की सामूहिक अपेक्षाओं और मांगों से जोड़कर प्रस्तुत किया।
राजनीति में उनकी कार्यशैली को लेकर समर्थकों का कहना है कि वह सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में अपनी निजी आर्थिक क्षमता से भी योगदान देते रहे हैं। उनका उद्देश्य प्रजापति समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक करना, संगठित करना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित कराने की आवाज उठाना है।
डॉ. भीमराव आंबेडकर के सामाजिक न्याय और अधिकारों के विचारों से प्रेरणा लेते हुए समाज के विभिन्न वर्गों में भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी क्रम में दारा सिंह प्रजापति का लखनऊ कार्यक्रम प्रजापति समाज की राजनीतिक सक्रियता के लिहाज से चर्चा का विषय बना हुआ है।

अब देखना यह होगा कि मिशन-2027 में प्रदेश के राजनीतिक दल प्रजापति समाज की इस मांग और उसकी राजनीतिक भागीदारी को कितनी प्राथमिकता देते हैं। फिलहाल 26 अक्टूबर का लखनऊ कार्यक्रम समाज की एकजुटता, जागरूकता और राजनीतिक भागीदारी की अपेक्षा का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आया है।

जिलाधिकारी ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा, प्रभावी पैरवी करने के दिए निर्देश

सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ बिजनौर । जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों एवं उनकी पैरवी की स्थिति की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयों में चल रहे विभिन्न वादों में प्रभावी एवं मजबूती के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करें, जिससे दोषियों को सजा दिलाने में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।
जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजन अधिकारी संबंधित मामलों के गवाहों के निरंतर संपर्क में रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि गवाह किसी भी परिस्थिति में पक्षद्रोही न हों। उन्होंने कहा कि गवाहों को समय से न्यायालय में उपस्थित कराने तथा उन्हें आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देने के लिए भी प्रभावी समन्वय बनाए रखा जाए। जिन मामलों में गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता हो, वहां नियमानुसार आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियोजन से जुड़े मामलों में आपसी समन्वय एवं गंभीरता के साथ कार्य करते हुए न्यायालयों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें।
बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अभियोजन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष सर्वेश मोनू को आरती जायसवाल ने दी बधाई, स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित



गोसाईगंज/अयोध्या। युवा उद्योग व्यापार मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद सर्वेश कुमार मोनू को गुरुवार शाम सभासद आरती जायसवाल ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।
उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन (नगरीय निकाय) लखनऊ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सभासद आरती जायसवाल ने कहा कि सर्वेश कुमार मोनू के नेतृत्व में युवा उद्योग व्यापार मंडल को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्हें उम्मीद है कि वह व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेंगे।
नव नियुक्त अध्यक्ष सर्वेश कुमार मोनू ने सम्मान एवं शुभकामनाओं के लिए आरती जायसवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।
इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्यूरो चीफ जयप्रकाश गुप्ता, पत्रकार मनोज दुबे, डॉ. कैलाश नाथ गुप्ता, समिति के संरक्षक एवं समाजसेवी जगदीश कुमार जायसवाल, प्रबंधक दिनेश कुमार जायसवाल, विजय कुमार वर्मा, श्याम जी अंगियार, राजकुमार सोनी, सैंकी गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, नंदलाल साइकिल, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता चुन्नू सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने सर्वेश कुमार मोनू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

कुल की रस्म के साथ मकनपुर उर्स संपन्न, पोटली सिर पर रख विदा हुए जायरीन

सूर्योदय भास्कर
बिल्हौर/मकनपुर (कानपुर)। सूफी आस्था के प्रसिद्ध केंद्र मकनपुर शरीफ में हजरत सैय्यद बदीउद्दीन जिंदा शाह मदार का 610वां सालाना उर्स शुक्रवार भोर में 'कुल शरीफ' की रस्म के साथ संपन्न हो गया। तीन दिनों तक 'दम मदार बेड़ा पार' की सदाओं से गूंजने वाले दरगाह परिसर में आज सुबह नम आंखों से मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। दुआ-ए-आम पूरी होते ही देश-विदेश से आए लाखों अकीदतमंदों की घर वापसी का सिलसिला शुरू हो गया। कस्बे की



गलियों में जायरीन अपने सिर पर गठरी-बिस्तर और बैग थामे रेलवे स्टेशन व बस अड्डों की ओर जाते दिखाई दिए। स्थानीय प्रशासन की चाक-चौबंद सुरक्षा और 150 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के बीच



यह ऐतिहासिक सूफी मेला सकुशल संपन्न हुआ। स्थानीय दुकानदारों और दरगाह कमेटी ने कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए नम आंखों से मेहमानों को विदा किया।

मोहम्मदी में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से की शिष्टाचार मुलाकात



सूर्योदय भास्कर संबाददाता
मोहम्मदी खीरी। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान शेरो-शायरी, गजल और गीतों की महफिल सजी, जिससे माहौल खुशनुमा बना रहा।
राजनीतिक सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि जीत-हार जीवन का हिस्सा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एमएलसी और विधानसभा के आम चुनाव अलग-अलग होते हैं। कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद वह अपने सिद्धांतों से भटक गई है।
इस अवसर पर विधायक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को धूमधाम और रोशनी के साथ मनाने की अपील की। बैठक में भाजपा निर्मतमान जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया और नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे।

30 अक्टूबर 1990 के बलिदानी कारसेवकों को हिंदू महासभा ने पुष्पांजलि कर किया नमन

कारसेवकों के परिवार वालों को मिले बुनियादी सुविधाएं, मुलायम से वापस हो सम्मान, मंदिर परिसर में बने बलिदानी कारसेवक स्थल, लता चौक का नाम वासुदेव गुप्ता रखा जाए- मनीष पांडेय

अयोध्या 30 अक्टूबर 1990 की कार सेवा में बलिदान हुए वासुदेव गुप्ता एवं राजेंद्र धरिकार की पुण्यतिथि पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय द्वारा बलिदानी कारसेवकों के आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि प्रदान का नमन किया गया इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग की गई है कि जब ऐसे में जब अयोध्या में भव्यतम, दिव्यतम राम मंदिर का निर्माण कार्य लगभग अपने पूर्ण अवस्था में है, किंतु इस मंदिर निर्माण के पीछे हजारों लाखों पुण्य आत्माओं का जो बलिदान हुआ उसे पूरी तरह से उपेक्षित कर ने उन्हें नेपथ्य में धकेल दिया गया ,आज भी यह बलिदानी कारसेवकों के परिवार न्याय पाने की आशा में टकटकी लगाए बैठे हैं उन्होंने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से यह मांग की है कि 1990 में बलिदान हुए कारसे२क वासुदेव गुप्ता ,राजेंद्र धरिकार ,रमेश पांडेय ,एवं राम अचल गुप्ता सहित अन्य बलिदानी कारसेवकों के परिवार वालों को बुनियादी सुविधाएं, आर्थिक सहायता, एवं परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए ,इसी के साथ-साथ राम जन्मभूमि परिसर में बलिदानी सभी कार सेवकों की स्मृति में बलिदान स्थल का निर्माण कराया जाए , लता चौक का नाम वासुदेव गुप्ता चौक के नाम पर रखा जाए,तथा 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले हत्यारे मुलायम सिंह यादव जिन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया उनका सम्मान तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए श्री पांडेय ने कहा कि निर्दोष कारसेवकों पर गोली चलवाने वाला व्यक्ति वाला व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ नागरिक कैसे हो सकता है? श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख लोगों में वासुदेव गुप्ता के पुत्र संदीप गुप्ता , मीरा गुप्ता, राजेंद्र धरिकार के भाई रविंद्र धरिकार, सोनी देवी, सोनाली धरिकार, रुचि धरिकार, लकी, आलोक, चेतन ,शिवानी ,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दशरथ वाटिका में भागवत कथा का समापन, दो दिवसीय भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

कथा व्यास राधेश शास्त्री के भावपूर्ण प्रवचनों ने बांधा समां, सभासद आरती जायसवाल ने स्मृति चिह्न भेंटकर लिया आशीर्वाद



गोसाईगंज, अयोध्या। नगर के दशरथ वाटिका में शिवपूजन कसौधन के सानिध्य में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथावाचक आचार्य राधेश शास्त्री के भावपूर्ण प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा श्रवण के लिए गोसाईगंज नगर सहित अयोध्या जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

कथा व्यास राधेश शास्त्री ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम, त्याग और परोपकार का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान का स्मरण और सत्कर्म नहीं छोड़ना चाहिए। सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनकर श्रोता भावुक हो उठे।

कथा के समापन अवसर पर नगर सभासद आरती जायसवाल ने कथा व्यास आचार्य राधेश शास्त्री को माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न भेंट किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अयोध्या जनपद से आए श्रद्धालुओं और नगर के गणमान्य लोगों ने भी कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कथा के समापन के उपरांत आयोजक मंडल की ओर से दो दिवसीय भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान दशरथ वाटिका का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

डीएम ने ईवीएम और वीवीपैट भंडारण कक्ष का किया मासिक निरीक्षण



सीसीटीवी कैमरों की जांच कर साफ-सफाई के दिए निर्देश, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट भंडारण कक्ष का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम भंडारण कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। साथ ही परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं को नियमित रूप से दुरुस्त रखने पर जोर दिया।इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

लखनऊ पासपोर्ट सेवा केंद्र में टीसीएस की स्थानांतरण नीति पर उठे सवाल, वर्षों से तैनात कर्मचारियों के ट्रांसफर को लेकर निष्पक्षता की मांग

15 वर्षों से तैनात लेखा अधिकारी और 8 से 10 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों के मामले में प्रबंधन से मांगा जवाब।

रूदौली अयोध्या- लखनऊ पासपोर्ट सेवा केंद्र में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की स्थानांतरण नीति और कर्मचारियों की लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती को लेकर विवाद सामने आया है शिकायतकर्ता ने प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कर्मचारियों के स्थानांतरण और सेवा समाप्ति के मामलों में समान नियम लागू किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, केंद्र में लेखा अधिकारी अर्पण श्रीवास्तव लगभग 15 वर्षों से, जबकि प्रबंधक अशोक कुमार करीब 8 वर्षों से अधिक समय से तैनात बताए जाते हैं। इसके अलावा इमरान, रमन और संदीप सहित कई ग्राहक सेवा कार्यकारी कर्मचारियों के भी 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत होने का दावा किया गया है। अनामिका तिवारी, अभिजीत, अर्जुन, सैफ और दीपक गुप्ता सहित अन्य कर्मचारियों की तैनाती को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं कि आखिर इन सब कर्मचारियों का ट्रांसफर क्यों नही किया जा रहा है अगर किया जाएगा तो कब किया जाएगा। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब कुछ कर्मचारियों को दूसरे केंद्रों पर स्थानांतरित किया जा रहा है, तो वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात अन्य कर्मचारियों के संबंध में प्रबंधन की नीति क्या है? क्या स्थानांतरण के नियम सभी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होते हैं?

शिकायतकर्ता ने कार्यालय में कथित बिचौलियापन और अनुचित गतिविधियों के आरोप लगाते हुए संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले में टीसीएस पासपोर्ट सेवा परियोजना के निदेशक प्रभात राव, अरुण जैन, नीरव शाह, मानव संसाधन विभाग की शिल्पी पांडेय और आशीम श्रीवास्तव तथा क्लस्टर प्रमुख श्रीमती मधु सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों से जवाब मांगा गया है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि कई कर्मचारी लंबे समय से एक ही केंद्र पर कार्यरत बताए जा रहे हैं। ऐसे में स्थानांतरण नीति, कर्मचारियों की तैनाती और सेवा समाप्ति के नियमों की निष्पक्ष समीक्षा की जानी चाहिए। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि लखनऊ पासपोर्ट सेवा केंद्र में कर्मचारियों की तैनाती का पिछले 10 से 15 वर्षों का रिकॉर्ड जांचा जाए, स्थानांतरण नीति स्पष्ट की जाए और सभी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू की जाए। साथ ही नौकरी समाप्त किए गए कर्मचारियों के मामलों की भी निष्पक्ष समीक्षा हो। अब देखना यह है कि टीसीएस प्रबंधन इन सवालों पर क्या जवाब देता है और मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाता है। संबंधित अधिकारियों का पक्ष मिलने पर उसे भी प्रकाशित किया जाना चाहिए।

परिवार रजिस्टर में कथित फेरबदल से मचा सवालों का घमासान! आखिर किसके आदेश पर बदले गए अभिलेख?

रामनगर बगहा जमीन विवाद में नया मोड़, तीसरी बैठक में बयान दर्ज और शपथपत्र सौंपे जाने का दावा; फिर भी पीड़ित को कार्रवाई का इंतजार

सूर्योदय भास्कर` जिला संवाददाता, लखीमपुर खीरी



लखीमपुर खीरी। विकासखंड रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत रामनगर बगहा में जमीन विवाद को लेकर परिवार रजिस्टर की नकल में कथित फेरबदल का मामला लगातार सवालों के घेरे में है। पीड़ित पक्ष ने पंचायत सचिव रामनिवास पर अभिलेखों में कथित बदलाव किए जाने का आरोप लगाते हुए अब सीधे जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांगा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि परिवार रजिस्टर में बदलाव किया गया, तो आखिर किसके आदेश पर किया गया और इसके पीछे कौन-से सरकारी अभिलेख या नियम आधार बने?

पीड़ित पक्ष के अनुसार, 28 अक्टूबर 2026 को आयोजित तीसरी बैठक में ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए तथा मामले से संबंधित शपथपत्र भी सौंपे गए। पीड़ित का दावा है कि ग्रामीणों ने आनंद कुमार पुत्र रमेश कुमार के समर्थन में अपने बयान दिए हैं। इसके बावजूद अब तक मामले में स्पष्ट कार्रवाई की स्थिति सामने नहीं आने से पीड़ित पक्ष में असमंजस बना हुआ है।

तीसरी बैठक और शपथपत्र के बाद भी कार्रवाई का इंतजार

मामले में लगातार बैठकें होने, ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जाने और शपथपत्र प्रस्तुत किए जाने के बावजूद स्थिति स्पष्ट नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। पीड़ित पक्ष जानना चाहता है कि जांच किस स्तर पर पहुंची है और अब तक क्या कार्रवाई की गई है।

पंचायत सचिव से लेकर ब्लॉक के अधिकारियों तक उठे सवाल

पंचायत सचिव रामनिवास के साथ-साथ विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारियों से भी जवाब मांगा जा रहा है। यदि परिवार रजिस्टर की नकल में कोई संशोधन किया गया है, तो उसका आदेश, संशोधन की तारीख, संबंधित आवेदन और आधारभूत अभिलेख सार्वजनिक किए जाने चाहिए।

मीडिया के माध्यम से भी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे सामने आकर अपना पक्ष स्पष्ट करें, ताकि मामले की वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ सके।

आखिर पीड़ित को कब मिलेगा न्याय?

अब सबसे अहम सवाल यह है कि जब मामले में ग्रामीणों के बयान दर्ज होने और शपथपत्र सौंपे जाने की बात कही जा रही है, तो जांच और कार्रवाई की वर्तमान स्थिति क्या है? क्या संबंधित अभिलेखों का सत्यापन कराया गया है? क्या परिवार रजिस्टर में हुए कथित बदलाव की जिम्मेदारी तय की गई है?

मामले में निष्पक्ष जांच, मूल अभिलेखों का मिलान और संबंधित अधिकारियों का आधिकारिक पक्ष सामने आना बेहद जरूरी है।

यह मामला केवल जमीन विवाद तक सीमित नहीं, बल्कि सरकारी अभिलेखों की पारदर्शिता, जवाबदेही और आम नागरिक के अधिकारों से भी जुड़ा है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

मिनी ट्रामा सेंटर हड्डी रोगियों के लिए वरदान, एक माह में 25 सफल ऑपरेशन



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

लखीमपुर खीरी। ओयल बेहजम रोड स्थित मिनी ट्रामा सेंटर हड्डी के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। बीते एक माह में यहां 25 छोटे बड़े सफल ऑपरेशन हुए हैं और 767 से अधिक मरीजों ने इलाज का लाभ उठाया है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि कई जटिल मामलों का सफल इलाज हुआ है। पिपराछींट खीरी के 3 वर्षीय सूर्यांश का गलत जुड़ा पैर दोबारा ऑपरेशन कर ठीक किया गया। सीतापुर की 55 वर्षीय गुड्डी बानो, पसगवां के 28 वर्षीय दीपक और रामपुर के 55 वर्षीय रितेश का भी सफल ऑपरेशन हुआ। डॉ. हरिराम वर्मा, डॉ. फैसल अहमद, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. शशांक मोहन, डॉ. जयराम, डॉ. अमन अंसारी और डॉ. एसपी सिंह की टीम ने इन ऑपरेशनों को अंजाम

मोहम्मदी-पुवायां मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



सूर्योदय भास्कर संबाददाता

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदीझपुवायां मार्ग पर त्रिवेदी ईंट-भट्ठे के समीप तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस पहुंचने में देरी होने के कारण घायल को यूपी-112 पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहम्मदी पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

पुश्तैनी मकान जेसीबी से गिराने का आरोप न्याय न मिलने पर महिला ने दी अनशन की चेतावनी

संतोषरानी ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार मकान बनवाने और रास्ता दिलाने की मांग

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। थाना बालाबेहट क्षेत्र के ग्राम बालाबेहट निवासी संतोषरानी पत्नी बृजपाल ने अपने पुश्तैनी मकान को जेसीबी मशीन से गिराए जाने और घरेलू सामान ले जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया गया कि 9 अप्रैल 2026 को गांव के ही हर्षरन, मन्नू, राकेश, संजय, सचिन सहित अन्य लोगों ने उसके पति और देवर राजकुमार के पुराने पुश्तैनी मकान को कथित रूप से जेसीबी मशीन से गिरा दिया तथा घरेलू सामान ट्रैक्टर में भरकर ले गए। संतोषरानी का कहना है कि मामले को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री तक कई बार शिकायत की। 23 मई 2026 को थानाध्यक्ष, लेखपाल और कानूनगो की मौजूदगी में राजीनामा भी हुआ था, जिसमें विपक्षियों द्वारा मकान बनवाने और रास्ता देने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं, 27 जून 2026 को राजस्व विभाग की जांच में उक्त भूमि आबादी की बताई गई थी। आरोप लगाया कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां भी दी जा रही हैं। पीड़िता को न्याय मिलता है या उसे अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ता है।

राजकीय बाल गृह और सम्प्रेक्षण गृह का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, बच्चों से संवाद कर परखीं व्यवस्थाएं

संयुक्त समिति ने ली भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और साफ-सफाई की जानकारी; लापरवाही पर कार्रवाई को चेताया



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। राजकीय बाल गृह और राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला प्रशासन की संयुक्त निरीक्षण समिति ने दोनों संस्थानों का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति एवं विशेष समिति ने दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) और नेहरूनगर स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवप्रिय सारस्वत और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह भी मौजूद रहे। समिति ने सबसे पहले दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया। यहां रोस्टर के अनुसार अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते मिले। अधिकारियों ने आवासित बच्चों से सीधे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों ने उपलब्ध व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। इसके बाद मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। परिसर में आरओ और वाटर कूलर की सुविधाएं संचालित मिलीं। इसके बाद टीम ने नेहरूनगर स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) पहुंचकर शयन कक्षों, भोजनालय, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समिति के सदस्यों ने वहां निरुद्ध किशोरों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। किशोरों ने भी व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। निरीक्षण के दौरान एडीएम दिनेश कुमार ने दोनों संस्थाओं के प्रभारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के स्वास्थ्य, खानपान और चिकित्सा सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। परिसरों में नियमित साफ-सफाई रखने के साथ बच्चों की शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजकुमार जैन, सदस्य प्रताप नारायण गोस्वामी, रवि नारायण चैबे, पूर्व सदस्य अजय बरया, आधारशिला सेवा समिति के सर्वदेव तिवारी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण तथा दोनों संस्थाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।

डीएपी और एनपीके खाद के निर्धारित हुए बिक्री मूल्य ,अधिक वसूली पर प्रशासन को दें सूचना इफको.कृभको की डीएपी 1350 रुपये

इफको एनपीके 2100 और नर्मदा एनपीके 2300 रुपये प्रति बोरी मिलेगी

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। जनपद में खाद वितरण को लेकर किसानों के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे और उन्हें निर्धारित दरों पर हीनकारी दी गई है। किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही खाद खरीदने तथा अधिक कीमत वसूलने वाले विक्रेताओं की शिकायत तत्काल जिला प्रशासन से करने की अपील की गई है। जारी सूचना के अनुसार इफको एवं कृभको कंपनी की डीएपी खाद की सरकारी निर्धारित बिक्री दर 1ए350 रुपये प्रति बोरी है। वहीं इफको कंपनी की एनपीके खाद का मूल्य 2ए100 रुपये प्रति बोरी तथा नर्मदा कंपनी की एनपीके खाद का निर्धारित बिक्री मूल्य 2ए300 रुपये प्रति बोरी तय किया गया है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वह खाद की खरीद केवल अधिकृत बिक्री समितियों एवं उर्वरक केंद्रों से ही करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों अथवा भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। खाद खरीदते समय निर्धारित मूल्य की जानकारी अवश्य रखें और विक्रेता से निर्धारित दर पर ही उर्वरक प्राप्त करें। यदि कोई दुकानदारए विक्रेता या खाद वितरण केंद्र संचालक निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि की मांग करता है तो किसान इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को देंए जिससे संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का कहना है कि किसानों को समय से और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। किसानों से भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी अनियमितता की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की अपील की गई है। उर्वरक उपलब्ध होए इसके लिए प्रशासन की ओर से विभिन्न कंपनियों की डीएपी एवं एनपीके खाद के बिक्री मूल्य की ज

दीपावली पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी,ब्रज भोग से खोया और उपाध्याय स्वीट्स से बर्फी का नमूना लिया

मिठाई विक्रेताओं को सुधार के निर्देशए जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेशए लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्रज भोग स्वीट्स की दुकान से खोया तथा उपाध्याय स्वीट्स से बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। टीम ने दुकानदारों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने तथा आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों के अनुसारए नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा और रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य.द्वितीय विनोद कुमार शर्माए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीनए खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस निरंजन एवं नागेंद्र कुमार शामिल रहे। विभाग ने त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियान जारी रखने की बात कही है।

दीपावली पर आतिशबाजी की 50 अस्थायी दुकानों के लाइसेंस होंगे आवंटित

›› पांच नवंबर को निकलेगी लॉटरी, 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक जमा होंगे आवेदन

›› तहसील सभागार में लॉटरी पद्धति से होगा दुकानों का आवंटन

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आतिशबाजी (पटाखों) की अस्थायी दुकानों के लाइसेंस आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्यालय उप जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी सार्वजनिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष 6 से 8 नवंबर 2026 तक के लिए आतिशबाजी की कुल 50 अस्थायी दुकानों के लाइसेंस आवंटित किए जाएंगे। दुकानों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी पद्धति से किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इच्छुक आवेदक 30 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक शाम 5 बजे तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क का चालान बैंक में जमा करना होगा। इसके बाद 4 से 5 नवंबर तक संबंधित थानों से आवेदकों के संबंध में पुलिस आख्या प्राप्त की जाएगी। दुकानों का आवंटन 5 नवंबर को शाम 4 बजे से तहसील सभागार में लॉटरी पद्धति के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्य समाप्ति तक जारी रहेगी। विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि इच्छुक आवेदकों को निर्धारित आवेदन पत्र की मूल प्रति के साथ जीएसटी प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त पहचान के लिए आधार कार्ड अथवा अन्य मान्य पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा। आवश्यक अभिलेख संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर आवेदन उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में जमा करना होगा। 3 नवंबर को शाम 5 बजे के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने इच्छुक आवेदकों को सलाह दी है कि आवेदन करने से पहले लाइसेंस आवंटन से संबंधित सभी नियम एवं शर्तों की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। विस्तृत शर्तें उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई हैं। इस प्रकार दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी की दुकानों के संचालन के लिए लाइसेंस आवंटन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरी की जाएगी।

गंगा के टापू पर ट्रैक्टर से लोगों को कुचलने का प्रयास, चालक गिरफ्तार



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़

हापुड़। जनपद हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव पुट में गंगा नदी के अंदर बने टापू पर खेत जोतने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक ट्रैक्टर चालक पर ट्रैक्टर को चारों तरफ दौड़ाकर लोगों को जान से मारने का प्रयास करने का आरोप है। मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रैक्टर को सीज कर अपने कब्जे में ले लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात है और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

गांव गांव तक एक ही संदेश, किसान खुशहाल तो खुशहाल प्रदेश

फसल कटाई के लिए 4800 ग्रामीणों को बांटी हंसिया-कई गांवों में चला अभियान





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट

हरदोई संडीला किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए समाजसेवी अजय कुमार सिंह ने एक बार फिर कृषि यंत्र वितरण अभियान के जरिए ग्रामीणों के बीच पहुंचे। शुक्रवार को संडीला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में करीब 4800 लोगों को हसिया-वितरित की किसानों का सम्मान, जनसेवा की पहचान!

161 विधानसभा संडीला के ग्राम बेहड़ा, शिवदीन खेड़ा, कोइली खेड़ा, फत्तेपुर, गोपाल खेड़ा, गैब खेड़ा सहित विभिन्न गांवों में हसिया दरांती वितरण अभियान चलाया गया। * अजय कुमार सिंह आदित्य ने कहा कि किसानों की अब धान और अन्य फसलों की कटाई के समय फिर से ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी जरूरतों के अनुरूप हंसिया-दरेतियां वितरित की जा रही हैं। ह्लहमारा प्रयास है कि संडीला विधानसभा क्षेत्र का कोई भी किसान या ग्रामीण परिवार जरूरत के समय खेती-किसानी के जरूरी यंत्रों से वंचित न रहे। किसान दिन-रात मेहनत करके खेतों में फसल तैयार करता है। जब कटाई का समय आता है, तब उसे छोटे-छोटे कृषि यंत्रों की भी जरूरत होती है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी जरूरतों को समझें और यथासंभव सहयोग करें। हमारा संकल्प है कि हर घर और हर किसान तक कृषि यंत्र पहुंचें। किसानों की जरूरत के समय उनके साथ खड़ा रहना ही इस अभियान का उद्देश्य है। यह प्रयास आगे भी जारी रखने की कोशिश करेंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ मिल सके।ह्वइस मौके पर संतोष पाल, ज्ञानेंद्र सिंह,शोभित सिंह, गोरख यादव, सौरभ पांडेय, संजय मौर्य, सुनील रावत, हरिशंकर वर्मा, छंगा,गौरव और संजीत मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सिलगन अण्डर ब्रिज में आए दिन हो रहे निकलने को लेकर झगड़े

पुल में पानी रोकने के इंतजाम ध्वस्त, पम्प से भी नियमित नहीं निकाला जा रहा पानी

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। रेलवे का सिलगन अण्डर पुल लोगों के बीच होने वाले झगड़ों का मुख्य स्थल बनता जा रहा है। अभी तक मामला दर्ज नहीं होने से इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है। शुक्रवार को अण्डर पुल में पूरे दिन रात पानी भरा रहा। इसमें से पानी निकालने की प्रक्रिया ठप पड़ी रही। पैदल राहगीर और साइकिल, बाइक सवारों के साथ ही मवेशियों के लिए कृषि कार्य को निकले लोगों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। अण्डर पुल मे कार चालकों की पहले निकलने की होड़ परेशानी का सबब बन रही है। इसी होड़ में बसें और ट्रेक्टर ट्राली भी शामिल हो जाती हैं, जिसकी परिणति तूं तड़ाक से शुरू होकर नौबत मारपीट तक आ जाती है। हालांकि अभी इस सम्बंध में किसी के द्वारा में लिखित तहरीर नहीं दी गयी है। यही वजह है कि समस्या निस्तारण के ठोस उपाय भी हांसिए पर बने हुए हैं। पीड़ित लोगों ने पुलिस प्रशासन से दोंनो तरफ दो होमगार्डस की ड्यूटी यातायात व्यवस्था के लिए लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सायं 5 बजे एक सफेद रंग की कार जो नगर से चलकर आ रही थी, इसमें चार पांच लड़के बैठे हुए थे कोई भी सीट बैल्ट नहीं लगाए था। अण्डर पुल में बड़ी स्पीड के साथ कार चलाते निकले इससे कई लोग पानी में गिर गए जब तक लोग संभल पाते कार चालक तेजी से कार दौड़ाता हुआ भाग निकला। इस तरह की स्थिति कई बार निर्मित होती है। कई बार नौबत हाथापाई तक आ जाती है। अण्डर पुल के नीचे और प्रवेश करते समय कोई कैमरे नहीं लगे होने के कारण मामले सामने नहीं आ पाते हैं।

ट्रक, ट्राला, लम्बे वाहनों की निकासी हो निषिद्ध

अण्डर पुल पर यातायात सुगम बनाने के लिए इसमें से ट्रक , ट्राला समेत ज्यादा लम्बाई वाले वाहनों की निकासी पूरी तरह से निषिद्ध किया जाए। इन वाहनों को अन्य रास्तों से निकालने की व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि टोल टैक्स बचाने के चक्कर में यह वाहन विभिन्न शार्टकट रास्तों से आकर सिलगन अण्डर पुल से निकलते हैं। इससे सुगम यातायात चरमरा जाता है।

पत्रकार को धमकी के मामले में,मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट

हरदोई: खबर प्रकाशित करने के बाद एक पत्रकार को कथित तौर पर धमकाने और अभद्रता करने के मामले में न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कोर्ट संख्या-1, हरदोई) ने पत्रकार पुनीत कुमार मिश्रा की शिकायत पर सुनवाई करते हुए थाना बेनीगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने का आदेश दिया है। अदालत ने 26 अक्टूबर 2026 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173(4) के तहत यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, प्रार्थी पुनीत कुमार मिश्रा ' टेली कास्ट न्यूज' के क्षेत्रीय पत्रकार हैं। उनका आरोप है कि 7 सितंबर 2026 को बेनीगंज थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन से संबंधित खबर प्रकाशित करने के बाद विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि इसके बाद विपक्षी नरेंद्र शुक्ला ने उनके सहयोगी के मोबाइल पर फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा प्रार्थी व उनके परिजनों को गालियां दीं। साथ ही, जान से मारने की धमकी देने, घर पहुंचकर गाली-गलौज करने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर छवि खराब करने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।प्रार्थी का कहना है कि उन्होंने स्थानीय पुलिस और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और सर्वोच्च न्यायालय के 'ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार' मामले के विधिक सिद्धांतों का हवाला देते हुए माना कि आरोपों की पुलिस विवेचना किया जाना आवश्यक है।

न्यायालय ने थाना बेनीगंज के प्रभारी निरीक्षक को तत्काल अभियोग पंजीकृत कर मामले की निष्पक्ष विवेचना करने के निर्देश दिए हैं।

04 वाहन सीज एवं 38 वाहनों के हुए ई-चालान

यातायात नियमों के उल्लंघन पर महोबा पुलिस की सख्त कार्यवाही



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाए रखने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से महोबा पुलिस द्वारा निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण एवं यातायात निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं अनियमितता पाए जाने पर 01 डबल डेकर बस,01 क्रूजर वाहन,01 बिना नंबर प्लेट की रेसर बाइक तथा 01 मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट सहित कुल 04 वाहनों को सीज किया गया।इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 38 वाहनों के ई-चालान किए गए।महोबा पुलिस द्वारा वाहन चालकों को निर्धारित यातायात नियमों का पालन करने,वैध प्रपत्रों के साथ वाहन चलाने,निर्धारित गति सीमा का अनुपालन करने तथा वाहनों में अनधिकृत मॉडिफिकेशन से बचने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।महोबा पुलिस की अपील है कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें,यातायात नियमों का पालन करें तथा स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखें।

खाद की किल्लत पर अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह के तेवर सख्त

›› खाद के लिए महिलाओं की भीड़ देख भड़की सीमा पटनाहा सिंह

›› उपजिलाधिकारी चरखारी से मिल की टोकन व्यवस्था की पहल



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा चरखारी। तहसील चरखारी क्षेत्र में खाद की मारामारी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है जहां पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बाद भी खाद के लंबी लंबी कतारें खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। खाद के लिये महिलाओं की कतारे देख सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता के कड़े तेवर दिखाई दिए और महिलाओं को लेकर उपजिलाधिकारी चरखारी के यहां पहुंच गई और किसानों को समुचित मात्रा में खाद उपलब्ध होने की बात रखी।बताते चले कि जिले में खाद की समस्या को देखते हुए सीमा पटनाहा सिंह राजपूत ने केंद्रीय कृषि मंत्री से भेंट करते हुए पर्याप्त मात्रा में जिले में खाद की आपूर्ति कराई है लेकिन इसके बाद भी खाद की कमी मारामारी और लंबी लंबी कतारें खत्म होने का नाम नहीं ले रही है।शुक्रवार को अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह वितरण केंद्र चरखारी पहुंची जहां पुरुष किसानों के अलावा महिला किसानों को कतारों में खड़ा देख नाराजगी जाहिर की और किसानों को लेकर उपजिलाधिकारी चरखारी अवनीश तिवारी से किसानों की समस्याओं का समाधान किए जाने की बात रखी।ज्ञातव्य हो कि विभिन्न समितियों के सचिवों की हड़ताल के चलते समितियों में खाद का वितरण ठप्प है जिससे समितियों के खातेदारों को भी खाद नहीं मिल पा रही है और तहसील क्षेत्र में एक मात्र पी०सी० केंद्र में ही खाद का वितरण हो रहा है जिसके कारण क्षेत्र भर के किसानों का दबाव एक ही वितरण केंद्र पर है। एक मात्र वितरण केंद्र के संचालन से सुबह 5 बजे से ही किसानों की लाइनें लगना शुरू हो जाती है और 10 बजे राजस्व प्रशासन द्वारा कूपन बांटने के बाद पूरा दिन के बाद एक बोरी खाद ही मिलने से भीड़ का दबाव बढ़ रहा है।किसानों की भारी भीड़ के बीच पुलिस प्रशासन को भी भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।श्रीमती सीमा पटनाहा सिंह ने कहा कि चरखारी में किसानों के सामने बड़ी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। जिले में खाद होने के बाद भी किसानों को समय से खाद नहीं मिल रही है।उन्होंने कहा कि वह जिलाधिकारी से भी भेंट करते हुए किसानों की समस्याओं का समाधान कराएंगी।

भगवंतनगर के विकास का रोडमैप लेकर सामने आए पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, जारी किया 13 सूत्रीय घोषणा-पत्र

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....

उन्नाव : भगवंतनगर विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपना 13 सूत्रीय घोषणा-पत्र जारी कर क्षेत्र के विकास का विस्तृत रोडमैप जनता के सामने रखा है। घोषणा-पत्र में रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खेल, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को प्रमुखता दी गई है।

पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने घोषणा-पत्र में कहा है कि उनका उद्देश्य भगवंतनगर को विकसित, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक सुविधाओं से युक्त विधानसभा क्षेत्र बनाना है। उन्होंने युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास केंद्र, प्रशिक्षण और स्वरोजगार योजनाओं को बढ़ावा देने का संकल्प जताया है। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, डॉक्टरों की उपलब्धता तथा जांच और दवाओं की व्यवस्था मजबूत करने की बात कही गई है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं, डिजिटल शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को सहायता देने का प्रस्ताव रखा गया है। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की बात कही गई है। वहीं गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, बिजली और जल निकासी जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान को भी प्राथमिकता में शामिल किया गया है। किसानों के हितों को लेकर आधुनिक कृषि तकनीक, वैज्ञानिक खेती, ड्रिप सिंचाई, कृषि आधारित उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों और पशुपालन को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया गया है। साथ ही किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और वैकल्पिक आय के अवसर उपलब्ध कराने की बात कही गई है। घोषणा-पत्र में जरूरतमंद बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता, महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर, महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को भी प्रमुख स्थान दिया गया है। इसके अलावा पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था, जनसुनवाई और शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत बनाने का वादा किया गया है।





पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने घोषणा-पत्र में गौवंश संरक्षण, पशु चिकित्सा सुविधाओं, चारा, भूसा, पानी और गौशालाओं की बेहतर व्यवस्था का भी उल्लेख किया है। साथ ही विधायक निधि और सरकारी संसाधनों का जनहित में पारदर्शी उपयोग करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प केवल चुनावी वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि भगवंतनगर के प्रत्येक गांव और प्रत्येक वर्ग तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना है। घोषणा-पत्र के अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी राजनीति भाषणों के बजाय धरातल पर दिखाई देने वाले कार्यों से पहचानी जाएगी। उनका कहना है कि भगवंतनगर की जनता के साथ मिलकर एक विकसित विधानसभा, आत्मनिर्भर समाज और सम्मानजनक भविष्य का निर्माण करना ही उनका सबसे बड़ा संकल्प है

जनसहयोग से 139 दिनों से जारी है राधा रानी रसोई, लोगों को मिल रहा घर जैसा स्वादिष्ट भोजन



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ पूरनपुर पीलीभीत। जनसहयोग और सेवा भावना के साथ पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री राधा माधव मंदिर के निकट संचालित राधा रानी रसोई घर लोगों के बीच अपनी पहचान बना रहा है। आयोजकों के अनुसार, यह रसोई पिछले लगभग 139 दिनों से समस्त पूरनपुर के बहन-भाइयों के सहयोग से संचालित हो रही है। यहां प्रतिदिन घर जैसा स्वादिष्ट भोजन तैयार किया जाता है।रसोई से जुड़े लोगों ने स्पष्ट किया कि इसे किसी प्रकार की सरकारी आर्थिक सहायता नहीं मिलती है। रसोई का संचालन लोगों के आपसी सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रसोई को लेकर सरकारी धन मिलने की चर्चा सही नहीं है।इस अवसर पर मदन लाल गुप्ता, राहुल गुप्ता, किशन गुप्ता, सुशील कुमार वर्मा, राजेंद्र खंडेलवाल और श्री बालाजी दरबार से अभिषेक गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि राधा रानी रसोई में तैयार भोजन स्वादिष्ट और घर जैसा होता है।रसोई संचालकों की ओर से जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए भी भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इसके लिए इच्छुक लोग राहुल गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं।

जनपद के 1.16 लाख से अधिक किसानों के खातों में पहुंची 23.24 करोड़ की पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

›› पीएम किसान उत्सव दिवस पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय रबी कृषक गोष्ठी कार्यक्रम

›› किसानों को उन्नत खेती और फसल सुरक्षा के दिए गए टिप्स



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से देशभर के 9.34 करोड़ किसानों के बैंक खातों में करीब 18,960 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर जिला सेवायोजन सभागार महोबा में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया,जहां किसानों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

जनपद महोबा में योजना के तहत कुल 1,16,236 किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में 23 करोड़ 24 लाख 72 हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।इस दौरान कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रबी कृषक गोष्ठी भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार एवं वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस दौरान सीडीओ ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

गोष्ठी में वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने किसानों को स्वयं बीज तैयार करने, बीज उत्पादन और उन्नत खेती अपनाने की सलाह दी।ग्रामोन्नति संस्थान के सलाहकार रुद्रप्रताप मिश्रा ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी दी।वहीं एनबीआरआई लखनऊ के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रामसेवक चौरसिया ने रबी फसलों में लगने वाली बीमारियों और उनके नियंत्रण के उपाय बताए।उप कृषि निदेशक राम सजीवन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सोलर पंप,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन,सोलर फेंसिंग,गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं कृषि यंत्रीकरण सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी पी०सी० विश्वकर्मा ने किसानों को बीज,उर्वरक,खेत तालाब योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के बारे में बताया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ प्राविधिक सहायक डॉ. हरि प्रकाश नामदेव ने रबी फसलों के बीज उपचार एवं कीट नियंत्रण की तकनीकी जानकारी दी।

इस मौके पर सियाराम गुप्ता, रामजी गुप्ता,कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और जनपद के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

अभियान चलाकर 03 दुकानों से नमूने किए संगृहीत ,त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा चलाया गया विशेष अभियान



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा

महोबा। आगामी आने वाले त्योहारों के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं साफ स्वच्छ खाद्य पदार्थ मिठाइयां,खोया,पनीर,बेसन,घी,तेल,दूध एवं अन्य मिल्क प्रोडक्ट को उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद महोबा के अंतर्गत पनवाड़ी कस्बे की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के 03 नमूनों को संग्रहित किया गया।खाद्य पदार्थों के नमूनों की प्रयोगशाला जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

करवा चौथ व्रत को सुहागिनों ने बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया व चंद्रदर्शन कर खोला व्रत

24घन्टे का निर्जला व्रत रखकर सुहागिनों ने अपने पति की लम्बी आयु की भगवान से की कामना

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ लखीमपुर खीरी। जनपद में गुरुवार को पति-पत्नी के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक 'करवा चौथ' का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया, जनपद के पसगवां ब्लॉक के कस्बा जंगबहादुरगंज सहित तमाम ग्रामीण व शहरी अंचलों में महिलाओं ने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए पूरे विधि-विधान से माता करवा और शिव परिवार का पूजन किया।सुबह से ही पूरे ब्लॉक भर के घरों में उत्सव का माहौल देखने को मिला।सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र,सुखी जीवन और आरोग्य की कामना के लिए दिनभर कड़ा 'निर्जला' उपवास रखा और रात में चंद्रदेव को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूर्ण किया।त्योहार को लेकर कस्बे में काफी भीड़ भाड़ रही। कॉस्मेटिक, पारंपरिक साड़ियों, लहंगों, सोने-चांदी के आभूषणों और पूजा बर्तनों की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसके साथ ही मिट्टी के विशेष करवे और दीपकों की दुकानों पर भी महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा, तो वहीं मेहंदी लगाने वाले कलाकारों के पास देर रात तक रौनक बनी रही।आधुनिकता के इस दौर में भी कस्बे के ग्रामीण अंचलों जैसे अल्लीपुर, मस्तीपुर, पनेई, जलालपुर, अजबापुर सहित अन्य गांवों में लोक परंपराओं के सुंदर रंग देखने को मिले। ग्रामीण महिलाओं ने अपने घरों की दीवारों को साफ कर उन पर गेरू और चावल के ऐपन से पारंपरिक चित्रकारी की। इन दीवारों पर करवा माता, भगवान शिव-पार्वती, गणेश जी, सूर्य और चंद्रमा की आकृतियां उकेरी गईं,जो सुहाग की मंगलकामना और दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि को दर्शाती हैं।शाम के शुभ मुहूर्त में महिलाएं सोलह श्रृंगार कर, लाल और चटक रंगों की खूबसूरत साड़ियों में सजी-धजी नजर आईं। शहर से लेकर गांवों तक कई स्थानों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। महिलाओं ने एक साथ बैठकर करवा माता की पारंपरिक कथा सुनी और करवे बदले।इस दौरान पारंपरिक गीतों और भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।रात करीब 9 बजे जैसे ही बादलों की ओट से चंद्रमा का दीदार हुआ, महिलाओं के चेहरे खिल उठे। व्रती महिलाओं ने छतों और आंगन में जाकर छलनी के माध्यम से पहले दीप शिखा और चंद्रदेव के दर्शन किए, उन्हें जल का अर्घ्य दिया और फिर उसी छलनी से अपने पति का चेहरा देखा। इसके बाद पतियों ने अपनी पत्नियों को पानी पिलाकर और मिठाई खिलाकर उनका निर्जला व्रत खुलवाया। पतियों ने भी अपनी जीवनसंगिनी को सुंदर उपहार भेंट कर इस खास दिन को यादगार बनाया।इस वर्ष करवा चौथ पर बने विशेष महायोगों के कारण महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर एक अलग ही उत्साह और श्रद्धा का भाव देखा गया, जिसने इस पर्व को और अधिक भव्य बना दिया।







पूरनपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एस आई अनुज कुमार की तत्परता से 2 किलो से अधिक गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

पूरनपुर, पीलीभीत। नशा मुक्त समाज के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना पूरनपुर पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध व मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत एसआई अनुज कुमार ने सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एसआई अनुज कुमार को मुखबिर खास से सूचना मिली कि पीलीभीत रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध गांजा लेकर बिक्री करने की फिराक में खड़ा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसआई अनुज कुमार ने बिना देर किए अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को धर दबोचा।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिवम उर्फ मिट्ठू पुत्र चंद्रभान गुप्ता उम्र 24 वर्ष, निवासी मोहल्ला कायस्थान वार्ड नं-9, कस्बा व थाना पूरनपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2.060 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

इस संबंध में थाना पूरनपुर पर मु0अ0सं0 449/2026 धारा 8/20 ठउढर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

लाइसेंसी दुकान की आड़ में चल रहा था काला कारोबार

पूछताछ में आरोपी ने बड़ा खुलासा किया है। आरोपी अपने पिता के साथ लाइसेंसी भांग की दुकान पर सेल्समैन का काम करता था और उसी दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजे की बिक्री कर रहा था। युवाओं को नशे की लत में धकेलने वाले इस गोरखधंधे का पदाफाश कर एसआई अनुज कुमार ने एक बड़े नेटवर्क पर चोट की है।

गंभीरता को देखते हुए थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा संबंधित भांग की दुकान का लाइसेंस निरस्त करने के लिए आबकारी विभाग को पत्र भेज दिया गया है। जल्द ही विभाग द्वारा नियमानुसार लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी पुलिस की कार्रवाई

एसआई अनुज कुमार और उनकी टीम की इस मुस्तैद और साहसिक कार्रवाई से क्षेत्र के नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं आम जनमानस, व्यापारी वर्ग और युवाओं के परिजनों ने पूरनपुर पुलिस की इस कार्रवाई की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि एसआई अनुज कुमार जैसे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के कारण ही क्षेत्र में अपराध पर लगाम लग रही है।

बीसलपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमन खान का भव्य स्वागत

खनंका चौकी से भारत मेडिकल स्टोर तक जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

बीसलपुर पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अमन खान के प्रथम बीसलपुर आगमन पर गुरुवार को समर्थकों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे अमन खान का खनंका चौकी के निकट फूलमालाओं से स्वागत कर कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इसके बाद चीनी मिल चौकी, ईदगाह चौराहा, बारह पत्थर चौराहा और भारत मेडिकल स्टोर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल निक्की ने भी उन्हें फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय अमन खान को प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी मिलने से समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। स्वागत के दौरान उमड़ी भीड़ और वाहनों के लंबे काफिले ने उनकी संगठनात्मक सक्रियता और क्षेत्र में समर्थकों की मौजूदगी को भी रेखांकित किया। अमन खान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए नई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को मजबूती मिलेगी।

आम कार्यकर्ता से प्रदेश मंत्री तक का सफर, भाजपा ने अमन खान को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में सक्रिय अमन खान ने संगठन में एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ब्रज क्षेत्र में क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य के रूप में भी वह जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संगठन में लगातार सक्रियता के बाद शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति को समर्थक एक सामान्य कार्यकर्ता को संगठन में आगे बढ़ने का अवसर मिलने के रूप में देख रहे हैं।

सैकड़ों वाहनों का काफिला और समर्थकों की भीड़, स्वागत में दिखी अमन खान की ताकत

प्रदेश मंत्री बनने के बाद पहली बार बीसलपुर पहुंचे अमन खान के स्वागत में सैकड़ों वाहनों का काफिला नजर आया। विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में समर्थक उनके स्वागत के लिए एकत्र हुए। फूलमालाओं से स्वागत और कार्यकताओं के उत्साह के बीच अमन खान की क्षेत्र में मजबूत समर्थक उपस्थिति देखने को मिली। राजनीतिक हलकों में भी इस स्वागत कार्यक्रम की चर्चा रही। समर्थकों का दावा है कि उनकी नई जिम्मेदारी से भाजपा की अल्पसंख्यक समाज में पकड़ और मजबूत होगी।

खनंका चौकी से भारत मेडिकल स्टोर तक स्वागत कार्यक्रमों का सिलसिला

अमन खान के स्वागत का सिलसिला खनंका चौकी के निकट से शुरू हुआ। यहां कार्यकताओं ने फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद उनका काफिला बीसलपुर की ओर रवाना हुआ। चीनी मिल चौकी, ईदगाह चौराहा और बारह पत्थर चौराहे पर भी समर्थकों ने उनका स्वागत किया। भारत मेडिकल स्टोर पर आयोजित कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल निक्की ने अमन खान को फूलमाला पहनाकर बधाई दी।

शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा जताया, उस पर खरा उतरूंगा : अमन खान

स्वागत कार्यक्रमों के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमन खान ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। वह इसका पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे। अमन खान ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वागत के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं और समर्थकों का धन्यवाद किया।

पतिपुरा गांव में गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग,

4 लोग झुलसे दो महिलाओं समेत चार लोग आग की चपेट में आए, दो घायलों को किया गया रेफर



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

बीसलपुर, पीलीभीत। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव पतिपुरा में गुरुवार सुबह खाना बनाते समय इंडेन गैस सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण अचानक आग लग गई। आग लगते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोग झुलसकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से अचानक गैस का रिसाव होने लगा, जिससे आग लग गई। आग की चपेट में आने से चार लोग घायल हो गए। घायलों में विपिन कुमार (34 वर्ष), पुत्र सीताराम, सुधा वर्मा (29 वर्ष), पत्नी ललित वर्मा, विनती देवी (18 वर्ष), पत्नी मोहन स्वरूप तथा शीतल (32 वर्ष), पत्नी विपिन शामिल हैं।

हादसे में घायल विपिन कुमार और सुधा वर्मा की हालत को देखते हुए उन्हें उपचार के लिए रेफर किया गया, जबकि विनती देवी और शीतल को रेफर नहीं किया गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

जनसहयोग से 139 दिनों से जारी है राधा रानी रसोई, लोगों को मिल रहा घर जैसा स्वादिष्ट भोजन



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

पूरनपुर पीलीभीत। जनसहयोग और सेवा भावना के साथ पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री राधा माधव मंदिर के निकट संचालित राधा रानी रसोई घर लोगों के बीच अपनी पहचान बना रहा है। आयोजकों के अनुसार, यह रसोई पिछले लगभग 139 दिनों से समस्त पूरनपुर के बहन-भाइयों के सहयोग से संचालित हो रही है। यहां प्रतिदिन घर जैसा स्वादिष्ट भोजन तैयार किया जाता है।रसोई से जुड़े लोगों ने स्पष्ट किया कि इसे किसी प्रकार की सरकारी आर्थिक सहायता नहीं मिलती है। रसोई का संचालन लोगों के आपसी सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रसोई को लेकर सरकारी धन मिलने की चर्चा सही नहीं है।इस अवसर पर मदन लाल गुप्ता, राहुल गुप्ता, किशन गुप्ता, सुशील कुमार वर्मा, राजेंद्र खंडेलवाल और श्री बालाजी दरबार से अभिषेक गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि राधा रानी रसोई में तैयार भोजन स्वादिष्ट और घर जैसा होता है।रसोई संचालकों की ओर से जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए भी भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इसके लिए इच्छुक लोग राहुल गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं।

गंगा के टापू पर ट्रैक्टर से लोगों को कुचलने का प्रयास, चालक गिरफ्तार



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

हापुड़। जनपद हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव पुट में गंगा नदी के अंदर बने टापू पर खेत जोतने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक ट्रैक्टर चालक पर ट्रैक्टर को चारों तरफ दौड़ाकर लोगों को जान से मारने का प्रयास करने का आरोप है। मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रैक्टर को सीज कर अपने कब्जे में ले लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात है और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

आज धूमधाम से मनाई जाएगी लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती

पटेल इंटर कॉलेज ननौरा श्रीनगर में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने कई गांवों का भ्रमण कर किया सघन जनसमपर्क



महोबा। जनपद महोबा के पटेल इंटर कॉलेज ननौरा,श्रीनगर में आज 31 अक्टूबर 2026 दिन शनिवार को भारत के प्रथम गृहमंत्री,लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़े धूम धाम से मनाई जाएगी।उक्त आयोजित समारोह को सफल बनाने के लिए महोबा विधान सभा 230 के संभावित उम्मीदवार पूर्व केबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने विधान

सभा अंतर्गत कई गांवों ननौरा,उरवारा,चि तईयां आदि गांवों में जनसंपर्क कर उक्त आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।उन्होंने बताया कि पटेल इंटर कॉलेज ननौरा में सरदार पटेल जी की जयंती व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूम धाम व भव्य तरीके से किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा एस०पी०सिंह पटेल उपस्थित रहेंगे।इस अवसर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्राणसिंह यादव,युवा सपा नेता अंकित सिंह पटेल उपस्थित रहे।पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने बताया कि उक्त आयोजित कार्यक्रम में पूरी विधान सभा 230 के कोने कोने से अधिक से अधिक समाजवादी कार्यकताओं के साथ भारी भीड़ उपस्थित रहेगी।

नसीम अहमद हत्याकांड में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, डीएम-एसपी से मिलेगा उपजा का प्रतिनिधिमंडल



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

हापुड़। वरिष्ठ पत्रकार नसीम अहमद हत्याकांड में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) ने पहल की है। संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में जल्द कार्रवाई की मांग करेगा।

उपजा के जिलाध्यक्ष नवीन गौतम ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों के समक्ष फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का मुद्दा उठाएगा। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित अन्य प्रमुख मांगें भी रखी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पत्रकार नसीम अहमद हत्याकांड में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उपजा प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने की मांग करेगा।

एग्रीस्टैक योजना की समीक्षा: फिरोजाबाद में 93 प्रतिशत किसानों का भूमि रिकॉर्ड डिजिटल



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को फार्मर आईडी का विभागीय योजनाओं में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

फिरोजाबाद। जनपद में एग्रीस्टैक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (DLTF) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एग्रीस्टैक डाटा का शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने तथा किसानों की फार्मर आईडी का विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं में प्रभावी उपयोग किए जाने पर चर्चा हुई।

जिलाधिकाी ने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में मौजूद कमियों और अंतराल को चिह्नित कर संबंधित विभागों से सुझाव प्राप्त किए जाएं, जिससे इन आंकड़ों का बेहतर उपयोग किया जा सके। उन्होंने फसल सर्वेक्षण एवं फार्मर रजिस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के उपयोग की संभावनाएं तलाशने तथा उपयोगी सुझाव उच्च स्तर पर भेजने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद फिरोजाबाद में लगभग 93 प्रतिशत किसानों की भूमि संबंधी सूचनाओं का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है। अब इस डिजिटल व्यवस्था का उपयोग किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने में किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं में फार्मर आईडी के उपयोग की संभावनाओं का आकलन करें। इसके तहत पात्र लाभार्थियों की पहचान, आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन तथा कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़ी सेवाओं में डिजिटल किसान पहचान के उपयोग के संभावित क्षेत्रों को चिह्नित कर आवश्यक सूचनाएं एवं प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने टर्म्स ऑफ रेफरेंस एवं थीमैटिक एरियाज के अंतर्गत अपेक्षित सूचनाएं, प्रस्ताव तथा अब तक की गई कार्रवाई का विवरण 31 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे तक सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि संकलित सूचनाओं को भारत सरकार के ढफ्अ ऋअळक पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। साथ ही निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभागवार अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में उप कृषि निदेशक फिरोजाबाद सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित पीएम प्रगति (ढट ढफ्अ-ऋअळक) की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद में एग्रीस्टैक डाटा का शत-प्रतिशत आच्छादन एवं किसानों के हित में इसका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को एग्रीस्टैक योजना के महत्व एवं बैठक के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए सभी विभागों से अपने-अपने टर्म्स ऑफ रेफरेंस एवं थीमैटिक एरियाज का अध्ययन कर आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

त्योहारों को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस, एसएसपी आदित्य लांग्हे ने किया पैदल मार्च पैदल मार्च की



फिरोजाबाद। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं भारी पुलिस बल के साथ शिकोहाबाद नगर में पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस की सक्रियता नगर की प्रमुख सड़कों और बाजारों में देखने को मिली। एसएसपी के नेतृत्व में निकाले गए पैदल मार्च में शिकोहाबाद थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने नगर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल मार्च के माध्यम से पुलिस ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों पर शांति व्यवस्था बिगाड़ने और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हापुड़ में पशु उत्पाद कारोबारी के यहां राज्य कर विभाग का छापा, चार करोड़ की टैक्स चोरी उजागर



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ

हापुड़। जिले में कर चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने पशु मीट, टेलो (पशु वसा) और हड्डियों के चूरे का कारोबार करने वाली फर्म मोहम्मद खालिद एंड संस के यहां छापेमारी कर जांच की। 29 अक्टूबर को आवास विकास कॉलोनी, बुलंदशहर रोड स्थित फर्म के परिसर में की गई जांच में प्रथम दृष्टया करीब चार करोड़ रुपये की कर चोरी सामने आई है।

गाजियाबाद जोन प्रथम के अपर आयुक्त ग्रेड-2 के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने फर्म के खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। मौके पर कारोबार से संबंधित माल का कोई स्टॉक नहीं मिला। अधिकारियों को परिसर से खरीद और बिक्री से जुड़े कुछ अभिलेख प्राप्त हुए।

जांच में सामने आईं अनियमितताएं

विभागीय जांच के अनुसार, फर्म द्वारा विभिन्न राज्यों से माल की खरीद और बिक्री दर्शाई गई थी। हालांकि, दस्तावेजों के मिलान और ई-वे बिल पोर्टल की जांच में संबंधित वाहनों की वास्तविक आवाजाही के प्रमाण नहीं मिले। जांच में यह भी सामने आया कि कागजों पर माल की आपूर्ति दर्शाकर खरीद-बिक्री के लेन-देन किए गए। इसके अलावा, फर्जी बिलों के माध्यम से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने और कर-मुक्त बिक्री के संबंध में भी अनियमितताएं पाई गईं।

चार करोड़ रुपये की कर चोरी का अनुमान

विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में फर्म की खरीद-बिक्री के आंकड़ों में अंतर पाया गया। वहीं, वर्ष 2024-25 के दौरान तमिलनाडु की 11 कथित फर्जी फर्मों से 135.95 लाख रुपये की आईटीसी प्राप्त करने और वर्ष 2022-23 से 2025-26 के बीच रिटर्न में अतिरिक्त आईटीसी का दावा करने की बात भी जांच में सामने आई है। राज्य कर विभाग ने प्रथम दृष्टया करीब चार करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आकलन किया है। अधिकारियों के मुताबिक, फर्म के अन्य वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजों की गहनता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद कर चोरी की वास्तविक स्थिति और आगे की कार्रवाई स्पष्ट होगी।

वोट चोरी कर जीते जा रहे चुनाव : उदित राज

कांग्रेस नेता ने भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ' रैली पर बोला हमला

नई दिल्ली, । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रस्तावित 'मॉक पार्लियामेंट' को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने प्रतिक्रिया दी। साथ ही भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ' रैली पर सवाल भी खड़े किए। उन्होंने कहा कि मॉक पार्लियामेंट देश के लोगों को यह बताने का तरीका है कि किस तरह से हमारी संसद और लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। इसके जरिए लोगों को जागरूक किया जाता है। यह एक परंपरा है, जिसमें थिएटर, संगीत, गीत, रैली और प्रदर्शन के माध्यम से जनता को सच्चाई से अवगत कराया जाता है, इसलिए इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। इसका मकसद भी यही है कि देश की जनता को बताया जाए कि किस प्रकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है और वोट चोरी करके चुनाव जीते जा रहे हैं। भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ' रैली पर उदित राज ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगभग 800 जगहों पर कार्यक्रम कर रही है। यह हमारे लिए अच्छी बात है, क्योंकि इससे पता चलता है कि भाजपा दबाव में आ गई है और डिफेंसिव हो गई है। उनकी चोरी पकड़ी गई है कि किस तरह से वोट की डकैती करके वे चुनाव जीतते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारें कभी पदयात्रा या



सरकारें कभी पदयात्रा या रोड शो नहीं करती, सरकारें काम करती हैं, यह काम विपक्ष का होता है ड्रामा करके ही इन्होंने इतने दिन काट लिए हैं : उदित राज

रोड शो नहीं करतीं, सरकारें काम करती हैं, यह काम विपक्ष का होता है। ड्रामा करके ही इन्होंने इतने दिन काट लिए हैं। अब इन्हें यह सब करने की क्या जरूरत है। इन्हें किसानों की समस्या का समाधान करना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारों में लगभग लाखों पद खाली हैं, उन्हें भरना चाहिए, महंगाई कम करनी चाहिए।

चुनाव आयुक्त को हटाया जाए

उदित राज ने कहा कि विपक्ष की मांग है कि जो चुनाव आयोग वोट चोरी कर रहा है, उस चुनाव आयुक्त को हटाया जाए, लेकिन भाजपा उस पर काम करने के बजाय ड्रामा कर रही है। इसका मतलब है कि वे हिल गए हैं और ड्रामे के जरिए हमारी बात को जनता तक पहुंचने से रोकना चाहते हैं, लेकिन हमारी बात जनता तक पहुंच रही है। सीटीआई ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा है कि 1 नवम्बर की मेगा-रैली के कारण 20 बाजारों में 10 से 12 हजार करोड़ रुपए तक का नुकसान होगा। रैली टालने की मांग पर उदित राज ने कहा कि वे खुद फाइनेंस से जुड़े रह चुके हैं, इसलिए व्यापारियों से बात करते रहते हैं। कुछ को छोड़कर बाकी व्यापारी दबाव में हैं, क्योंकि उनकी गर्दन पर हमेशा तलवार लटकी रहती है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट है, जीएसटी डिपार्टमेंट से उन्हें परेशान किया जाता है तो सरकार उन पर दबाव बनाकर यह कहलवा रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब जीएसटी और नोटबंदी से व्यापारी बर्बाद हो गए, तब व्यापारी मुंह क्यों नहीं खोल रहे थे।

विपक्ष की रैली रोकने के लिए बहाने बना रही सरकार : हन्नान मोल्लाह



नई दिल्ली। सीपीआई (एम) नेता हन्नान मोल्लाह ने शुक्रवार को भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। यह आरोप 1 नवम्बर को यहां रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की रैली के कारण कामकाज में बाधा आने की चिंताओं को लेकर लगाया गया है। शुक्रवार को 'चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री' (सीटीआई) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से आग्रह किया कि वे प्रस्तावित रैली को दीपावली तक टाल दें। सीटीआई ने तर्क दिया कि इससे दिल्ली के प्रमुख बाजारों में व्यापार को नुकसान हो सकता है। सीटीआई ने चिंता जताई है कि कांग्रेस की रैली से दिल्ली के 30 प्रमुख बाजारों में कामकाज बाधित हो सकता है, जिससे 10,000 से 12,000 करोड़ रुपए के व्यापार पर असर पड़ सकता है। हन्नान मोल्लाह ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष के कार्यक्रम को कमजोर करने के लिए यह बातें कही जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सह सब बहाने हैं, क्योंकि सरकार घबराई हुई है। पहले उन्होंने अनुमति दी, अब वे इसे रोक नहीं सकते, इसलिए इसे रोकने के लिए तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं। यह सब झूठ और गुमराह करने वाला है। एक दिन की रैली से बाजार बंद नहीं होते और न ही कामकाज रुकता है, बाजार चलते रहते हैं। ये सब विपक्ष की रैली को बदनाम करने के बहाने हैं।

मुर्मु के दौरे से पहले नासिक 'नो-ड्रोन जोन' घोषित

नासिक, । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगामी महाराष्ट्र के नासिक दौरे को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर पूरे नासिक पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र को प्रतिबंधित सुरक्षा क्षेत्र और 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित कर दिया है। यह प्रतिबंध 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान निर्दिष्ट अधिकार क्षेत्र के भीतर ड्रोन उड़ाना, हवाई फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करना और किसी भी उद्देश्य के लिए ड्रोन का उपयोग करना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। विशेष रूप से नासिक में रामकुंड, गोदावरी घाट क्षेत्र और देवमामलेदार मंदिर के आसपास ड्रोन हमलों के संभावित खतरे को देखते हुए एहतियाती सुरक्षा उपाय के तौर पर यह फैसला लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रोन के जरिए होने वाले हमलों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने संभावित खतरों को रोकने, जनसुरक्षा सुनिश्चित करने और राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान शांति बनाए रखने के लिए यह कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। राष्ट्रपति के दौरे के व्यापक सुरक्षा इंतजामों के तहत 10 पुलिस उपायुक्तों और 20 सहायक पुलिस आयुक्तों सहित 3,500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है।



मोदी ने एकता नगर में 'भारत पर्व 2026' का किया उद्घाटन

15 नवम्बर तक चलेगा आयोजन



गुजरात, (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में 'भारत पर्व 2026' का उद्घाटन किया। इस सांस्कृतिक महोत्सव में देश की परंपराओं, लोककलाओं, क्षेत्रीय व्यंजनों, हस्तशिल्प और पर्यटन स्थलों की झलक देखने को मिलेगी। राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के तहत आयोजित यह महोत्सव 15 नवम्बर तक चलेगा। राष्ट्रीय एकता और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना पर आधारित भारत पर्व राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन की संभावनाओं को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है। इस आयोजन से एकता नगर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी बाद में 'एकता प्रकाश पर्व' का भी अवलोकन करेंगे। यह रोशनी का महोत्सव भारत की एकता, विविधता, सांस्कृतिक विरासत और प्रगति को समर्पित है।

इस महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में वैली ऑफ फ्लावर्स रोड पर 530 मीटर लंबा रोशनी से सजा मार्ग शामिल है, जिसे 'प्राचीन भारत से आधुनिक भारत तक' की थीम पर तैयार किया गया है। इसके अलावा 180 मीटर लंबी ग्लो टनल बनाई गई है, जिसमें देश के चारों क्षेत्रों की संस्कृति, वास्तुकला, लोकनृत्य, हस्तशिल्प और जीवनशैली को प्रदर्शित किया गया है। इन आकर्षक प्रस्तुतियों के लिए 1.5 करोड़ से अधिक एलईडी लाइटों का इस्तेमाल किया गया है। देशभर के कलाकारों ने इसके लिए विभिन्न कलाकृतियां तैयार की हैं। प्रधानमंत्री मोदी रात करीब 8:15 बजे उन्नत सुविधाओं से विकसित शूलपाणेश्वर नर्मदा घाट पर नर्मदा आरती में भी शामिल होंगे। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म गवर्नेंस अथॉरिटी ने 15.10 करोड़ रुपये की लागत से इस घाट का विकास किया है। यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की क्षमता 4,000 से बढ़ाकर 6,000 कर दी गई है। इसके अलावा करीब 2,000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

सार संक्षेप

राधाकृष्णन ने मुथुरामलिंग थेवर को दी पुष्पांजलि

चेन्नई। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शुक्रवार को 'थेवर जयंती' यानी 'थेवर गुरु पूजा' के अवसर पर रामनाथपुरम जिले के पसुमपोन में स्वतंत्रता सेनानी मुथुरामलिंग थेवर को पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आरवी अर्लेकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन व अन्य व्यक्ति मौजूद थे। इससे पहले दिल्ली से मदुरई हवाई अड्डे पहुंचने पर राज्यपाल, तमिलनाडु के मंत्रियों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़ा बांदीपोरा में गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसने बांदीपोरा जिले से एक ऐसे भगोड़े को गिरफ्तार किया है, जो धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में पिछले 16 वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहा था। आरोपी की पहचान श्रीनगर के मुजगुंड निवासी अब्दुल मजीद डार उर्फ 'कावा' के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि उसे सुंबल पुलिस थाने की एक पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी सुंबल पुलिस थाने में 2010 में दर्ज प्राथमिकी नंबर 84/2010 के मामले में वांछित था। यह मामला रणबीर दंड संहिता (आरपीसी) की धाराओं 420, 468, 471 और 109 के तहत दर्ज किया गया था।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान की मां का निधन

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशी बाई का शुक्रवार को निधन हो गया। शिवराज सिंह चौहान की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी गई। शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'आज हमारे पूरे परिवार के लिए अत्यंत दुःख और पीड़ा का दिन है। हमारी पूज्य माताजी काशी बाई हमें छोड़कर अनंत की यात्रा पर प्रस्थान कर गई हैं। मां का जाना जीवन में एक ऐसी रिक्तता छोड़ जाता है, जिसे कोई भर नहीं सकता।

नाबालिगों को शराब परोसने पर होगी कार्रवाई : एम. लिजू

तिरुवनंतपुरम। केरल के आबकारी मंत्री एम. लिजू ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि ग्राहकों को शराब परोसने से पहले उनकी उम्र की जांच करना बार लाइसेंस धारकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य में कानूनी उम्र 23 वर्ष से कम आयु के लोगों को शराब परोसने वाले बार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है। मंत्री ने राज्य के सभी बार संचालकों को निर्देश दिया कि यदि किसी ग्राहक की उम्र को लेकर संदेह हो तो आधार कार्ड या अन्य वैध पहचान पत्र के माध्यम से उसकी आयु का सत्यापन किया जाए और पुष्टि के बाद ही शराब परोसी जाए।

उत्तर प्रदेश के बांदा सूचना विभाग में अधिकारियों की गैर मौजूदगी

बाबुओं और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का बोलबाला



बांदा, । जनपद का सूचना विभाग इन दिनों जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती के अभाव में संचालित हो रहा है। जिला सूचना अधिकारी का पद लंबे समय से खाली पड़ा है, वहीं चित्रकूटधाम मंडल में सूचना उपनिदेशक की कुर्सी भी लगभग चार वर्षों से रिक्त है। उच्च अधिकारियों की गैरमौजूदगी के चलते विभाग में बाबुओं और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का बोलबाला बताया जा रहा है। विभागीय कामकाज से लेकर निगरानी व्यवस्था तक पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना विभाग शासन-प्रशासन और पत्रकारों के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी है। ऐसे संवेदनशील विभाग में जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण कर्मचारियों की जवाबदेही और विभागीय नियंत्रण को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। अधिकारियों की नियमित निगरानी न होने से विभाग की कार्य प्रणाली किस तरह संचालित हो रही है, यह भी जांच का विषय है। सूत्रों की मानें तो सूचना विभाग में तैनात कुछ बाबुओं और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के माध्यम से पत्रकारों की गोपनीय जानकारियां माफियाओं तक पहुंचाई जा रही हैं। यदि ऐसा हो रहा है तो यह पत्रकारों की निजता और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है।

विधायक अनंत सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

दुलारचंद हत्याकांड में फिर जेल जाएंगे मोकामा विधायक

पटना, । मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह उर्फ 'छोटे सरकार' की मुश्किलें चुनावी बगावत के बाद अब कानूनी रूप से भी बढ़ गई हैं। विधान परिषद उपचुनाव में पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर विरोधी प्रत्याशी का प्रचार करना उन्हें भारी पड़ गया। नतीजा आते ही पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया और अब ठीक एक साल पहले हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत रद्द कर जेल वापसी का आदेश दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एम.ए. सुंदरेश और जस्टिस पी.वी. वराले की बेंच ने पटना हाईकोर्ट के 19 मार्च 2026 के जमानत आदेश को रद्द कर दिया। बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हाईकोर्ट का जमानत देने का फैसला सही नहीं था, क्योंकि आरोपी के आपराधिक इतिहास और अपराध की गंभीर प्रकृति पर ध्यान नहीं दिया गया। इसलिए हाईकोर्ट का आदेश रद्द किया जाता है और आरोपी को 1 दिसम्बर 2026 तक सरेंडर करना होगा। कोर्ट ने आगे कहा कि केस की जांच चल रही है और गवाहों का परीक्षण होना है, इसलिए आरोपी सरेंडर करें। सुप्रीम कोर्ट ने इस हत्याकांड की जांच अगले चार महीनों के भीतर पूरी करने का भी निर्देश दिया है। सरकार द्वारा दाखिल हलफनामे के अनुसार अनंत सिंह पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित कुल 62 मामले दर्ज हैं। पटना स्नातक विधान परिषद उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ अनंत सिंह ने विरोधी उम्मीदवार का खुलेआम प्रचार किया। वजह पार्टी उम्मीदवार से निजी दुश्मनी बताई जा रही है। चुनाव परिणाम आते ही 24 अक्टूबर को अनंत सिंह और उनकी पत्नी पूर्व विधायक नीलम देवी दोनों को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। साथ ही विधानसभा स्पीकर से उनकी विधायकी रद्द करने की मांग की गई है। निष्कासन के तुरंत बाद नीलम देवी को 20-सूत्री कार्यक्रम समिति से हटा दिया गया और पटना स्थित सरकारी बंगला 25 नवंबर तक खाली करने का नोटिस दे दिया गया। मोकामा के विधायक ने कहा कि कोर्ट में मैं सरेंडर करूंगा। जब डेट है, मैं सरेंडर करूंगा। मैं किसी के पास नहीं जाऊंगा। मैं कोर्ट जाऊंगा, कोर्ट ने मुझे बुलाया है।



- शीर्ष अदालत ने एक दिसम्बर तक सरेंडर का दिया आदेश
- चार महीने में पूरी होगी जांच

क्या था दुलारचंद हत्याकांड

पूरा मामला 30 अक्टूबर 2025 का है, जब विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मोकामा के तारातार गांव में हुई हिंसक झड़प में दुलारचंद यादव (75) की गोली मारकर और एसयूवी से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 1 नवम्बर 2025 को अनंत सिंह को गिरफ्तार किया गया था। जेल में रहते हुए भी उन्होंने 2025 का विधानसभा चुनाव जीत लिया था। मार्च 2026 में हाईकोर्ट से जमानत मिली थी, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। अब 1 दिसम्बर 2026 तक उन्हें सरेंडर करना होगा।

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 30 नवम्बर से

सत्र में विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की संभावना



पटना, । बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 30 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलेगा। पांच दिनों के इस सत्र में विधानसभा और विधान परिषद की कुल पांच बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सत्र बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होकर शुक्रवार तक चलेगा। इस दौरान राज्य सरकार विधायी कार्यों को आगे बढ़ाएगी। विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही, विधेयकों और अन्य सरकारी कार्यों को सदन के पटल पर रखा जा सकता है। हालांकि, सत्र की विस्तृत कार्यसूची जारी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि किन मुद्दों और विधेयकों पर चर्चा की जाएगी।

नई सरकार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा रहा सत्र

इस सत्र में विपक्ष को भी जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने का मौका मिलेगा। वहीं, सरकार की प्राथमिकताओं, विकास योजनाओं और राज्य से जुड़े प्रमुख विषयों पर सदन में चर्चा होने की संभावना है। यह सत्र नई सरकार के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हाल ही में हुए विधान परिषद चुनाव के बाद सदन में कई नए चेहरे नजर आएंगे। नवनिर्वाचित विधान पार्षदों को अपने क्षेत्र और मतदाताओं से जुड़े मुद्दे उठाने का अवसर मिलेगा।

पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा का निधन

पटना, । भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं देश की प्रमुख सुरक्षा सेवा कंपनी एसआईएस ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र किशोर सिन्हा उर्फ आर.के. सिन्हा का शुक्रवार सुबह नोएडा स्थित आवास पर निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर.के. सिन्हा लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। 17 जनवरी 2025 को एक बैठक के दौरान उन्हें मस्तिष्काघात (ब्रेन स्ट्रोक) आया था। तत्पश्चात उन्हें दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी ब्रेन सर्जरी हुई। सिंगापुर में भी उनका उपचार चला, किंतु वे पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो सके। ब्रेन स्ट्रोक के बाद वे लंबे समय तक कोमा में रहे। शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से आर.के. सिन्हा ने अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना लाया जाएगा। पाटलिपुत्र स्थित अन्नपूर्णा भवन में आम लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। तत्पश्चात पटना में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बक्सर जिले के बहियारा गांव निवासी आर.के. सिन्हा का जन्म 22 सितम्बर 1951 को हुआ था।

राजनीतिक-सामाजिक जगत में शोक की लहर

तेलंगाना व आंध्र में अंतिम मतदाता सूची 30 नवम्बर को होगी प्रकाशित

दावों व आपत्तियों के निपटारे की समय-सीमा 26 नवम्बर तब बढ़ी



हैदराबाद, । भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 'विशेष गहन पुनरीक्षण' कार्यक्रम में फिर से बदलाव किए जाने के बाद अब इन राज्यों में अंतिम मतदाता सूची 30 नवम्बर को प्रकाशित की जाएगी। तेलंगाना के लिए चुनाव आयोग ने नोटिस जारी करने और दावों व आपत्तियों के निपटारे की समय-सीमा बढ़ाकर 26 नवम्बर कर दी है। आंध्र प्रदेश में यह समय-सीमा 20 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। दोनों राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर इस कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को अलग-अलग भेजे गए संदेशों में आयोग ने उन्हें कार्यक्रम में बदलाव के अपने फैसले के बारे में सूचित किया। चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सभी अधिकारियों को इस बदले हुए कार्यक्रम के बारे में बताएं और उपलब्ध सभी माध्यमों से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। राजनीतिक दलों को भी लिखित रूप में इस संशोधित कार्यक्रम की जानकारी दी जानी चाहिए। आयोग ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में कई बार बदलाव किया है। इससे पहले तेलंगाना में नोटिस चरण और दावों व आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया के लिए समय-सीमा 5 नवम्बर थी और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 9 नवम्बर को होना था।

कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की आतंकी तंत्र के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल

शोपियां में कथित आतंकवादी फंडिंग नेटवर्क का किया भंडाफोड़

जम्मू, । **आतंकी तंत्र के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) और द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े एक अंतर-केंद्र शासित प्रदेश आतंकी वित्तपोषण माड्यूल अर्थात अेरर फंड जुटाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है व दस आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। एक बयान में पुलिस ने कहा कि।**

आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े संदिग्ध वित्तीय नेटवर्क की गहन जांच से विभिन्न भुगतान प्लेटफार्मों के माध्यम से किए गए संदिग्ध आन लाइन वित्तीय लेनदेन का विश्लेषण हुआ, जिससे कई स्तरों पर धन के प्रवाह का पता लगाने में मदद मिली। जांच में आतंकवाद के वित्तपोषण में कथित तौर पर शामिल और विभिन्न जेलों में बंद आतंकवादियों और उनके सहयोगियों से संबंध रखने वाले व्यक्तियों के एक व्यापक नेटवर्क का खुलासा हुआ। इस संबंध में, शोपियां पुलिस स्टेशन में कानून की संबंधित धाराओं के तहत



एफआईआर संख्या 231/2026 दर्ज की गई है और अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान ओवैस शफी नायकू पुत्र मोहम्मद शफी नायकू निवासी सैदपोरा बाला, शोपियां, तजामुल अहमद शाह पुत्र अब निवासी के रूप में हुई है। रशीद शाह निवासी रावलपोरा, शोपियां, मोइज इकबाल पुत्र मोहम्मद इकबाल हजाम निवासी चित्रगाम कलां, इमदाद यूसुफ गनी पुत्र मोहम्मद यूसुफ गनी निवासी चित्रगाम कलां, साकिब जहूर वानी पुत्र जहूर अहमद वानी निवासी मुर्रान, पुलवाह अमा, आमिर गनी पुत्र गह गनी निवासी अरमोला, पुलवामा, फिरदौस ठोकर पुत्र कादिर थोकर निवासी नदीगुंड। ट्रेंज, लियाकत नजीर लोन पुत्र नजीर अहमद लोन निवासी मुर्रान, पुलवामा, मोहम्मद हनीफ पुत्र काजू शेरू निवासी चेक हरिया, कठुआ और काजू पुत्र हाजी हरिया शीरू निवासी चेक हरिया, कठुआ।

- दस आतंकवादी सहयोगियों को किया गिरफ्तार
- व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए और अधिक गिरफ्तारियां होने की संभावना

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी गुप्त रूप से आम जनता से धन इकट्ठा कर रहे थे और स्थापित वित्तीय संपर्कों के माध्यम से लश्कर-ए-तैयबा और टीआरएफ की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने बताया कि इन निधियों का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्मार्टफोन सहित रसद संबंधी सहायता प्रदान करने में भी किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि व्यापक नेटवर्क का पता लगाने, अतिरिक्त वित्तीय संबंधों को स्थापित करने और इस माड्यूल में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है, और अधिक गिरफ्तारियां होने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस कार्रवाई को केंद्र शासित प्रदेश में कथित आतंकवादी फंडिंग के स्रोतों को बाधित करने और आतंकवादी संगठनों के समर्थन नेटवर्क को खत्म करने के प्रयासों का हिस्सा बताया है।

बेटियां सुरक्षित वातावरण में : योगी

- कानून व्यवस्था को लेकर पिछली सरकारों पर साधा निशाना
- मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस परिस्थिति को बदला



देर रात तक कार्य करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर परिवारों में बनी रहती थी चिंता : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर कहा है कि आज बाजार रात में भी खुले रहते हैं। व्यापारियों को व्यवसाय के विस्तार के नए अवसर मिल रहे हैं और हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस परिस्थिति को बदला। यूपी की कानून-व्यवस्था पर सीएम योगी बोले- 'हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में, डबल इंजन सरकार ने बदली परिस्थिति' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज नए उत्तर प्रदेश में रात्रि के समय जगमगाते बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की रोशनी केवल व्यापार की नहीं, बल्कि व्यापारी के विश्वास का प्रकाश है। नाइट शिफ्ट में अपने कार्यस्थल पर निर्भय होकर दायित्व निभाती हमारी मातृशक्ति का आत्मविश्वास केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने पिछली सरकार पर भी निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा, 'किंतु सुरक्षा और विश्वास का यह वातावरण उत्तर प्रदेश में सदैव नहीं था। वर्ष 2017 से पहले अपराध और असुरक्षा के कारण सूर्यास्त के साथ व्यापारिक गतिविधियां सीमित होने लगती थीं। देर रात तक कार्य करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर परिवारों में चिंता बनी रहती थी। योगी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस परिस्थिति को बदला। अपराध और अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी। आज बाजार रात में भी खुले रहते हैं। व्यापारियों को व्यवसाय के विस्तार के नए अवसर मिल रहे हैं और हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश की महिला श्रम बल भागीदारी लगभग 13 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 36 प्रतिशत हो चुकी है। यह मातृशक्ति के बढ़ते आत्मविश्वास, आर्थिक सामर्थ्य और स्वावलंबन की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि यह 'सुरक्षा से समृद्धि' की ओर अग्रसर 'नए उत्तर प्रदेश' की नई पहचान है।

प्रदेश के 2.24 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचे 4,482 करोड़

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश भर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,690 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। उनके खातों में कुल 4,482.19 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। दीपावली से पहले किसानों को मिली इस आर्थिक सहायता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अन्नदाता किसानों की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि किसानों की खुशहाली में गांवों की समृद्धि और गांवों की समृद्धि में राष्ट्र की प्रगति निहित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त के माध्यम से देश के करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। इससे उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान भी लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने दीपावली से पहले किसानों को मिले इस उपहार के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने, उनकी आय बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ कृषि क्षेत्र को भी अधिक लाभकारी बनाया जाए।

पीईटी परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

फर्रुखाबाद । प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ.अंकुर लाठर और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल और क्रिश्चियन इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की उपस्थिति, प्रवेश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में 384 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 262 उपस्थित और 122 अनुपस्थित मिले। वहीं क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में 264 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 120 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने तथा परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रवेश और निकास व्यवस्था सुव्यवस्थित रखी जाए और नकल अथवा किसी भी प्रकार कीअनियमितता रोकने के लिए सतर्क निगरानी की जाए। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रखने व यातायात सुचारू रखने के निर्देश दिए।

श्रद्धा व उत्साह संग निकली गई महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा



मवाना, । महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को मवाना में भव्य शोभायात्रा का आयोजन श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ किया गया।

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि मंदिर, मिल रोड स्थित कपिल सिनेमा के सामने से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि तथा नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा-अर्चना कर और फीता काटकर शोभा यात्रा का उद्घाटन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महर्षि वाल्मीकि के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शुभारंभ के अवसर पर पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने संपूर्ण विश्व को अहिंसा, शांति, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। उनका हृदय अत्यंत कोमल था और वे किसी को भी दुखी नहीं देख सकते थे। महर्षि वाल्मीकि केवल रामायण के रचयिता ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, साहित्य और संस्कृत काव्य के महान प्रेरणास्रोत हैं। उनकी ओर से रचित महाकाव्य रामायण में मानवीय जीवन के प्रभावशाली आदर्शों का वर्णन किया गया है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत साहित्य के महान और अद्वितीय ऋषि थे। शोभायात्रा के शुभारंभ के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महर्षि वाल्मीकि के जयकारों के बीच भक्तिमय माहौल बना रहा।

सार संक्षेप

कृषि विवि में यूनिटी मार्च एवं साइकिल रैली निकाली



मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ द्वारा विश्वविद्यालय परिसर से परवर्षा (वरर्षा) गांव तक यूनिटी मार्च एवं साइकिल रैली का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने पैदल मार्च एवं साइकिल रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव तथा नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया, जिसमें कृषि महाविद्यालय एवं जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अत्यंत प्रभावशाली एवं गंभीरता के साथ नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया।

मवाना में अलवर वाले बाबा का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

मवाना। नगर के मेरठ रोड स्थित उत्सव मंडप में शुक्रवार को श्री-श्री 1008 अलवर वाले बाबा पंडित हरप्रसाद शर्मा अलवर वालों का दसवां विशाल धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मवाना मंडली द्वारा हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड के पाठ के साथ किया गया। इसके बाद भजन मंडली ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में अलवर वाले बाबा पंडित हरप्रसाद शर्मा ने पहुंचकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिए और सभी को आशीर्वाद देते हुए प्रसाद वितरित किया।

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा दूसरे दिन सकुशल संपन्न

मवाना। मेरठ रोड स्थित एएस इंटर कॉलेज में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। दोनों पालियों में कुल 1920 अभ्यर्थियों में से 1183 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 737 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में पंजीकृत 960 अभ्यर्थियों में से 566 उपस्थित हुए, जबकि 394 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 960 अभ्यर्थियों में से 617 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 343 अनुपस्थित रहे।

अमेठी लोकसभा के जगदीशपुर में होगा पुल का निर्माण

अमेठी, । अमेठी लोकसभा के जगदीशपुर में 793.28 लाख रुपए की लागत से एक लघु सेतु का निर्माण होगा। पुल निर्माण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान हो गई है। जिससे पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू



- करीब आठ करोड़ होंगे खर्च

हो चुकी है। लोकनिर्माण विभाग में निर्माण खंड के अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्र ने बताया कि जगदीशपुर में राज्य योजनान्तर्गत जगदीशपुर एवं जामों नौडाड में आदिलपुर गांव को आपस में जोड़ने के लिए 3/12.5 मीटर स्पान आरसीसी लघु सेतु का निर्माण होगा। साथ में पहुंच मार्ग और अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण भी होना है। इसकी लागत सात करोड़ तिरानवे लाख अट्ठाइस हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि इस पुल के निर्माण से लोगों का यातायात सुगम हो जाएगा। लघु सेतु के निर्माण की मांग बहुत लंबे समय से हो रही थी। इससे रोजाना हजारों लोगों को फायदा होगा। रमेश चंद्र ने बताया कि राज्य सड़क निधि से 15 क्षतिग्रस्त मार्गों के विशेष मरम्मत कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान हो गई है। जिससे क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत अति शीघ्र पूरी हो जाएगी। सड़कों पर झाड़ियों की सफाई और जंगल कटाई लगभग पूरी हो चुकी है।

परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम एसएसपी

मेरठ । उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2026) को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढ़ग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डा. वीके सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी व एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा



सनातन धर्म इंटर कालेज सदर, सेन्ट जोजफ इंटर कॉलेज लालकुर्ती सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सघन चेकिंग, सीसीटीवी कैमरे, बायोमैट्रिक व्यवस्था, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, कंट्रोल रूम की कार्य प्रणाली सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

मेरठ। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा के निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें तथा शासन एवं सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का स्वामित्व निर्धारण की समीक्षा की गयी एवं ब्लैक स्पॉट्स का उचित चिन्हांकन कर अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग को दिए गए।

डिवाइन हेरिटेज ट्रेल से आसान होगी 14 कोसी परिक्रमा

अयोध्या, । दीपोत्सव-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक दिवसीय 'अयोध्या डिवाइन हेरिटेज ट्रेल' टूर पैकेज शुरू किया है। इसके तहत गाइड की अगुवाई में रामनगरी के 14 कोसी परिक्रमा मार्ग से जुड़े प्रमुख मंदिरों, घाटों और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह यात्रा एक नवम्बर से शुरू होगी। इसके लिए प्रतिदिन दो बैच संचालित होंगे। पहला बैच सुबह 10 से शाम चार बजे और दूसरा दोपहर एक से शाम सात बजे तक चलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या की धार्मिक परंपराओं में 14 कोसी परिक्रमा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु इसे आस्था और भक्ति की अभिव्यक्ति के रूप में करते हैं। 'अयोध्या डिवाइन हेरिटेज ट्रेल' के जरिये सरकार इस

- यूपीएसटीडीसी ने लॉन्च किया एक दिवसीय टूर पैकेज

आध्यात्मिक अनुभव को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना चाहती है। साथ ही, रामायण सर्किट में अयोध्या की महत्ता को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। अयोध्या के लता मंगेशकर चौक से शुरू होने वाली इस यात्रा में पर्यटकों को सबसे पहले 'रामायण वैक्स म्यूजियम' ले जाया जाएगा।

यात्रा में स्वर्गद्वार, राम की पैड़ी व नागेश्वरनाथ मंदिर भी शामिल

पर्यटकों को गुप्तार घाट, झुनकी घाट, लक्ष्मण किला और शेषावतार मंदिर के भी दर्शन कराए जाएंगे। यात्रा में स्वर्गद्वार, राम की पैड़ी और नागेश्वरनाथ मंदिर भी शामिल हैं। इस भ्रमण में पर्यटक अयोध्या की धार्मिक विरासत, पौराणिक प्रसंगों और आध्यात्मिक महत्व को करीब से देखेंगे। यात्रा का समापन सरयू आरती के साथ होगा। नदी तट पर दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना और भक्ति गीतों के बीच मां सरयू की आरती की जाएगी। इस भक्तिमय आयोजन के बाद पर्यटकों को वापस लता मंगेशकर चौक पहुंचाया जाएगा।

शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

फर्रुखाबाद, । तहसील सदर वार एसोशिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय ने नवनिर्वाचित कार्यकारणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शुक्रवार को तहसील



सदर परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय ने तहसील सदर बार एसोशिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेंद्र कटियार एवं सचिव ओम प्रकाश दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष होशियार सिंह राजपूत, संयुक्त सचिव हेमराज सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा, आडिटर संतोष राजपूत, पुस्तकालय मंत्री उमेश सारस्वत, सदस्य रुकमंगल सिंह चौहान, अरविंद दिवाकर, मनोज यादव, सुधीर सक्सेना, राघव शुक्ला, अभिनय गुप्ता, सर्वेश पाल पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय ने कहा कि फर्रुखाबाद से उनका विशेष स्नेह रहा है।

वेंकटेश्वरा की छात्रा साक्षी ने जीता गोल्ड मेडल

मेरठ, । वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा साक्षी ने जीता गोल्ड मेडल। सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ द्वारा इंटर-कॉलेजिएट वेटलिफिटंग प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मेरठ की बी.पी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर डॉ. पंकज कुमार, ग्रुप डायरेक्टर और डॉ. राहुल शर्मा, डायरेक्टर (एकेडमिक्स) एवं अभिनव राणा, विभागाध्यक्ष (बी.पी.एड.), मीडिया प्रभारी विश्वास राणा ने साक्षी को बधाई दी तथा आगामी ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु शुभकामनाएं दीं।



शोभित विवि की प्रेरणा : छोटे सपनों को विशाल वृक्ष बनाकर खड़ा कर देने वाली कहानी

मेरठ/सहारनपुर, । कहावत तो सुनी होगी कि बड़े सपने मत देखो, वे पूरे नहीं होते। लेकिन शोभित विश्वविद्यालय ने इस पुरानी सोच को पूरी तरह तोड़ दिया है। यहां एक छोटा सा प्रेरणा का बीज बोया गया था, जो आज विशाल वृक्ष बन चुका है। इसकी छाया न सिर्फ विश्वविद्यालय के हर कोने में फैली है, बल्कि देश-विदेश तक पहुंच चुकी है। इस परिवर्तन की कहानी का श्रेय जाता है कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र और उनकी समर्पित टीम को। कुंवर शेखर विजेन्द्र ने हमारी टीम से हुई विशेष बातचीत में कहा कि अगर आप बेहतर समाज बनाना चाहते हैं, तो शिक्षा को सबसे ऊपर रखना होगा। शिक्षा ही वह चाबी है जो सफलता के हर दरवाजे को खोलती है। जरूरी नहीं कि आप किसी को सिर्फ पैसा दें। सही समय पर मोटिवेट करना भी उतना ही बड़ा उपहार है, जितना आर्थिक सहयोग। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा की प्रेरणा किसी खास वर्ग या परिवार तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यह हर व्यक्ति का अधिकार है। आज भी सैकड़ों परिवारों में आर्थिक तंगी, सामाजिक रूढ़ियां और बेटियों की पढ़ाई को लेकर बनी पारंपरिक सोच उनके सपनों पर ब्रेक लगा रही है। कई माता-पिता अभी भी सोचते हैं कि बेटी को ज्यादा



दीक्षांत समारोह में अपने पिता के साथ डिग्री प्राप्त करती छात्रा। फोटो देशबन्धु

पढ़ाने की जरूरत नहीं। इस सोच को बदलना सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको मिलकर आगे आकर अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करना होगा। बताना होगा कि शिक्षा ही असली ताकत है। शोभित विश्वविद्यालय ने इस बात को सिर्फ शब्दों तक नहीं रखा और खुद से ही शुरुआत की। यहां कई ऐसे छात्र पढ़ रहे थे, जिनके माता-पिता विश्वविद्यालय में ही काम करते हैं। पारिवारिक परिस्थितियों के कारण इन बच्चों को अतिरिक्त सहयोग और प्रेरणा की जरूरत थी। विश्वविद्यालय की टीम ने इन छात्रों को विशेष रूप से ध्यान में रखा।

उन्हें न सिर्फ आर्थिक और शैक्षणिक सहायता दी गई, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाया गया कि वे बड़े सपने देख सकते हैं और उन्हें पूरा भी कर सकते हैं। परिणाम आज सबके सामने है। अब इन छात्रों में से कई देश और विदेश की नामी कंपनियों में काम कर रहे हैं। कुछ ने अच्छी सैलरी पैकेज के साथ अपने करियर की शुरुआत कर ली है। ये युवा अब सिर्फअपनी मंजिल नहीं पहुंचे, बल्कि अपने परिवार और आसपास के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा बन गए हैं। जब कोई स्थानीय परिवार देखता है कि विश्वविद्यालय कर्मचारियों के बच्चे भी बड़ी कंपनियों में पहुंच गए हैं, तो उनमें भी विश्वास जगता है कि हां, हम भी कर सकते हैं।

कई पीढ़ियों तक असर छोड़ती है प्रेरणा

यह पहल सिर्फ नौकरी दिलाने तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सोच का बदलाव है। विवि के हर मंच, सेमिनार, अभिभावक बैठक, छात्र परिषद या सामुदायिक कार्यक्रमो में आज यही संदेश गूंजता है कि शिक्षा किसी की बपौती नहीं, हर किसी का अधिकार है। खासकर बेटियों की शिक्षा को लेकर विश्वविद्यालय ने लगातार जागरूकता फैलाई है। कई कार्यक्रमों में माता-पिता को आमंत्रित कर उन्हें समझाया गया कि बेटी की पढ़ाई परिवार की असली पूंजी है। कुंवर शेखर विजेन्द्र का मानना है कि प्रेरणा का असर पीढ़ियों तक रहता है। जब एक छात्र सफल होता है, तो उसका पूरा परिवार और पड़ोस बदल जाता है। जब एक बेटी डिग्री लेकर बाहर निकलती है, तो गांव की अन्य बेटियां भी साहस जुटाती हैं। बड़े सपने देखना नामुमकिन नहीं, बल्कि जरूरी है। बशर्ते सही प्रेरणा और सही माहौल मिले। शोभित विवि ने इसी श्रंखला को मजबूत किया है।

इस मुहिम को मजबूत बनाने के लिए लोगों से अपील

यह कहानी सिर्फएक विश्वविद्यालय की नहीं, बल्कि उस सोच की है जो कहती है कि कोई भी बच्चा पीछे नहीं रहना चाहिए। मेरठ और सहारनपुर की धरती पर उगा यह प्रेरणा का वृक्ष अब पूरे देश में अपनी छाया फैला रहा है। और इसकी जड़ें और भी गहरी होती जा रही हैं, क्योंकि यहां शिक्षा को सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि जीवन बदलने वाला हथियार माना जाता है। कुंवर शेखर विजेन्द्र और उनकी टीम ने साबित कर दिया है कि जब इरादा मजबूत हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है। अब जरूरत है कि समाज के हर वर्ग से लोग आगे आएं और इस मुहिम को और मजबूत करें।